धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
02.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 24



12 संपूर्ण रेल नेटवर्क पर लगेंगे कवच

## न्यूज डायरी

### 14 अगस्त से नीट-यूजी की काउंसलिंग शुरू होगी

**नयी दिल्ली।** नीट–यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। देश भर के लगभग 710 मेडिकल कॉलेजों में लगभग 1.10 लाख एमबीबीएस सीट के आवंटन के लिए काउंसलिंग होगी। इसके अतिरिक्त आयुष और नर्सिंग सीट के अलावा 21,000 बीडीएस सीट के लिए भी काउंसलिंग होगी। एमसीसी अखिल भारतीय कोटे की 15 प्रतिशत सीट और सभी एम्स, जेआईपीएमईआर पांडिचेरी की 100 प्रतिशत सीट, सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों की सीट और डीम्ड विश्वविद्यालयों की 100 प्रतिशत सीट के लिए काउंसलिंग आयोजित करेगी।

### चुनाव आयोग का झारखंड को निर्देश

**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। आयोग ने निर्देश दिया है कि 20 अगस्त कर तीन साल से अधिक एक ही जगह पर काम करने वाले अधिकारियों का तबादला कर दिया जाये। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजा है। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा हो रहा है।

### राष्ट्रीय आपदा है वायनाड का भूस्खलन : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन में अपने परिजनों और घरों को खोने वाले लोगों को देखकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने इसे राष्ट्रीय आपदा करार दिया। वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह वायनाड, केरल और देश के लिए भयावह त्रासदी है। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, मेरे लिए तो यह निश्चित रूप से एक राष्ट्रीय आपदा है, लेकिन देखते हैं कि सरकार क्या कहती है। राहुल गांधी और उनकी बहन एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने वायनाड के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चूरलमाला का दौरा किया। राहुल गांधी ने कहा, हम यहां स्थिति देखने आये हैं। यह देखना काफी दर्दनाक है कि लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों और घरों को खो दिया है।

### हमास नेता की अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब

**बेरूत।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके समर्थित फिलीस्तीनी मिलिशिया के प्रतिनिधियों ने बृहस्पतिवार को हमास नेता इस्माइल हनियेह और उनके अंगरक्षक के जनाजे के पास खड़े होकर नमाज-ए-जनाजा पढ़ी। इस दौरान अंतिम दर्शन को भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। हनियेह और उसका अंगरक्षक एक हवाई हमले में मारे गये थे जिसका आरोप इजराइल पर लगाया गया है। शव को ताबूतों को एक ट्रक से तेहरान में आजादी चौक की ओर ले जाते समय लोगों ने उन पर फूल बरसाये। तेहरान में नमाज-ए-जनाजा पढ़े जाने के बाद, हनियेह के शव को शुक्रवार को दफनाने के लिए कतर ले जाया जायेगा।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 88000 रु./प्रति किलो |




## सदन में अशोभनीय आचरण पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो का बड़ा एक्शन

# भाजपा के 18 विधायक सस्पेंड, मार्शल आउट

### सदाचार समिति करेगी जांच, एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने भाजपा विधायकों के अशोभनीय आचरण को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। स्पीकर ने गुरूवार को भाजपा के 18 विधायकों को शुक्रवार दोपहर दो बजे तक के लिए सस्पेंड कर दिया। सदन से जाने से इनकार करने के बाद उन्हें मार्शलों की मदद से बाहर निकाला गया। स्पीकर ने एक दिन पहले मार्शलों द्वारा विपक्षी विधायकों को बाहर निकाले जाने के विरोध में सदन में हंगामा करने के बाद भाजपा सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की।



ये विपक्षी विधायक बुधवार को रोजगार समेत विभिन्न मुद्दों पर उनके प्रश्नों का जवाब देने से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इनकार के खिलाफ आसन के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे। स्पीकर ने पूरे मामले की जांच का जिम्मा सदाचार समिति को सौंप दिया। सदाचार समिति एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देगी।

**कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा :** दरअसल, गुरूवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा के विधायक सीएम से जवाब की मांग को लेकर वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। इसी बीच झामुमो के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाया। उन्होंने सदन को हाईजैक करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने सदन को बंधक बनाने की कोशिश की। विपक्षी विधायकों पर कार्रवाई की जानी चाहिये। झामुमो विधायक ने धरना में शामिल विधायकों का नाम भी पढ़ा। इसपर नाराजगी जताते हुए नेता प्रतिपक्ष ने अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन हंगामा बढ़ता चला गया। सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल में पहुंच गये। माहौल इस कदर बिगड़ गया कि मुख्य सचेतक बिरंची नारायण रिपोर्टिंग टेबल के पास आ गये। इस दौरान भाजपा विधायकों ने सीएम के जवाब पर आधारित मांग की प्रति को फाड़कर वेल में उछालना शुरू कर दिया। भाजपा विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता और रणधीर सिंह रिपोर्टिंग टेबल पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। तब स्पीकर ने मार्शल आउट का आदेश दिया। इस पर भानु प्रताप शाही, कुशवाहा शशि भूषण मेहता और रणधीर सिंह को मार्शल ने सदन से बाहर कर दिया।

(शेष पेज 11 पर)



### भाजपा विधायकों ने की अभद्रता: स्पीकर

स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि भाजपा विधायकों पर कार्रवाई को लेकर व्यवस्था मौन रहती तो उनका मनोबल बढ़ता। वह गुरूवार को अपने कक्ष में सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों ने पुरूष व महिला मार्शलों के साथ भी अभद्रता की है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को सदन के नेता हेमंत सोरेन ने खुद कहा था कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देंगे। फिर भी विपक्ष के विधायक वेल में डटे रहे। हंगामा करते रहे। सदन नहीं छोड़ने का भी ऐलान कर दिया। महिला मार्शल भी सदस्यों को बाहर आने का आग्रह करने गये तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्हें गाली दी गयी। यह झारखंड के 24 साल के इतिहास में एक काला दिन है।

## स्वप्निल ने ब्रॉन्ज पर साधा निशाना

### पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में आया तीसरा पदक

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में भारत ने तीसरा पदक हासिल कर लिया है। भारत के शूटर स्वप्निल कुसाले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। उनके इस प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत देश के तमाम दिग्गजों ने उनको बधाई दी है। भारत के ओलंपिक इतिहास में पहली बार निशानेबाजों ने तीन पदक एक ही खेलों में जीते हैं। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य जीता था।

**रोमांचक मुकाबले में जीते स्वप्निल :** तेज होती दिल की धड़कनों को थामकर खाली पेट रेंज पर उतरे भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने फोकस बनाये रखते हुए शानदार वापसी की। देश को ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में पहली बार कांस्य पदक दिलाया। क्वालीफिकेशन में सातवें नंबर पर रहे स्वप्निल ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 451.4 स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया। एक समय वह छठे स्थान पर थे ।



**राष्ट्रपति और पीएम ने दी बधाई :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु , पीएम मोदी और देश के खेल जगत ने पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने पर निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा , स्वप्निल कुसाले को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई।

# कांवरिया वाहन पोल से टकराया, पांच की मौत

### 11 हजार वोल्ट तार गिरने से पूरे वाहन में करंट दौड़ गया

### बाबाधाम से बालूमाथ लौट रहे थे, चालक की झपकी से हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के टमटम टोला के समीप गुरुवार को तड़के एक दर्दनाक हादसे में पांच कांवरियों की करंट में झुलस कर मौत गयी। यहां रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर बाबाधाम से लौट रहे कांवारियों का वाहन 11 हजार वोल्टवाले बिजली के खंभे से टकरा गया। वाहन पर बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा। इससे वाहन में करंट दौड़ गया। करंट की



चपेट में आने से चालक समेत 5 कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। पांच लोग झुलस गये, जिनमें से दो की स्थिति गंभीर है। उन्हें रिम्स रेफर किया गया है। वाहन पर करीब 19 लोग सवार थे। सूचना पाते ही एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्ययाय दल बल के साथ पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मौके पर ही पांचो की मौत :** 11 हजार वोल्टवाले बिजली तार की चपेट में आने से रंगोली कुमारी (12, पिता सचेन्द्र यादव), अंजली कुमारी (15 वर्ष पिता राजकुमार यादव), सविता देवी (30 पति सुरेंद्र यादव), शांति देवी (62 पति स्व. बौधा यादव) ग्राम मकईयाटाड़ एवं वाहन चालक दिलीप उरांव (24 वर्ष पिता विष्णुदेव उरांव ग्राम चितरपुर) की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं हनेश यादव (35), चरकू यादव (38) हरिनंदन यादव ( 56), परमेश्वर यादव (18) सभी ग्राम भैंसादोन, रीना कुमारी (21) मकईयाताड़ हेमपुर, घायल हो गये। आस-पास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

(शेष पेज 11 पर)

## नियुक्ति प्रक्रिया पर उच्च स्तरीय बैठक में हेमंत का फैसला

# रिजल्ट पर रोक हटाने को सुप्रीम कोर्ट जायेगी सरकार

### सहायक आचार्य परीक्षा मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी। बैठक में मुख्यमंत्री को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने बताया



कि सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के सिर्फ रिजल्ट प्रकाशन पर रोक लगायी है। परीक्षा के आयोजन को लेकर कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा कि सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगी।

**सभी अभ्यर्थियों का ध्यान रखेगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के हितों का ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं समय पर आयोजित हों और अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यानगते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, जेएसएससी के अध्यक्ष और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में जेएसएससी के अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न पदों के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी।

### रिजल्ट पर रोक परीक्षा पर नहीं

बैठक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने सीएम को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर सिर्फ रोक लगायी है। परीक्षा के आयोजन पर किसी भी प्रकार की कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न पदों के लिये आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षायें अपने पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग पूर्व में ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन की तिथियां घोषित कर चुका है । ऐसे में पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित तैयारियां पूरी की जा रही है ।

### नाबालिग को अगवा कर गैंगरेप, सिगरेट से भी दागा

**गुमला।** सिसई प्रखंड में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आये है। मामला पुसो थाना क्षेत्र की है। आरोप है कि पांच युवकों ने 30 जुलाई की शाम को छात्रा को बाइक से अगवा कर एक सुनसान घर में ले जाकर सभी ने रात भर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। 31 जुलाई को पीड़िता के आवेदन पर पुसो पुलिस ने पांच अज्ञात दुष्कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें बड़ा बरी पोड़हाटोली निवासी बिरिया उरांव (19), सुमित उरांव (20), महावीर उरांव (20) व बड़ा बरी जतरा टोंगरी निवासी साहावीर उरांव (19), पुनई उरांव (19) है।

# झारखंड में आदिवासी भी सुरक्षित नहीं : हिमंता

### घुसपैठियों को भगाना ही होगा, तभी संथाल की दशा सुधरेगी

खबर मन्त्र टीम

**पाकुड़।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज झारखंड में आदिवासी और हिंदू यहां पर सुरक्षित नहीं हैं। वह गुरुवार को पाकुड़ से महेशपुर प्रखंड के गायबथान गांव पहुंचे। मारपीट में घायल ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। गोपीनाथपुर जाने से मना करने पर उन्होंने झारखंड सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। श्री सरमा ने कहा कि एक प्रदेश के सीएम को रोका गया, मुझे बोला गया कि आप वहां मत जाइये। बंगाल और वहां के घुसपैठिए हंगामा कर सकते हैं। एक प्रदेश के सीएम को घुसपैठियों के कारण कहीं जाने नहीं दिया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखंड की क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि इस बार हमें जाने से रोका है लेकिन दूसरी बार हम जरूर गोपीनाथपुर जायेंगे।

उन्होंने पार्टी सांसद निशिकांत दुबे की मांग को भी खारिज कर दिया। कहा कि केंद्र शाषित प्रदेश बनाने से घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज की समस्या का हल नहीं निकलेगा। इसके लिए घुसपैठियों भगाना होगा। (शेष पेज 11 पर)

# सुप्रीम कोर्ट ने दी आरक्षण के अंदर आरक्षण की इजाजत

## एससी-एसटी का उप वर्गीकरण कर सकती हैं राज्य सरकारें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में आरक्षण के अंदर आरक्षण की इजाजत दे दी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आरक्षण के लिए एससी और एसटी वर्गों के अंदर भी उपश्रेणियां बनायी जा सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत के फैसले में कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण किया जा सकता है।



यानी एससी-एसटी को मिल रहे आरक्षण कोटे के अंदर कोटा लागू किया जा सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में वर्ष 2004 में दिये गये 5 जजों की पीठ के फैसले को खारिज कर दिया। उस फैसले में कहा गया था कि एससी-एसटी कैटगरी के तहत उप-वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है क्योंकि वे एक ही समरूप वर्ग में आते हैं।

**राज्य सरकारों को अधिकार :** सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ के सामने सवाल था कि राज्य सरकारों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्गों में उप-श्रेणियां बनाने की शक्ति है या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, विक्रम नाथ, बेला त्रिवेदी, पंकज मित्तल, मनोज मिसरा और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने बहुमत से निर्णय दिया कि राज्यों के पास यह शक्ति है। (शेष पेज 11 पर)

### एससी-एसटी के क्रीमीलेयर को आरक्षण से हटायें

जस्टिस बीआर गवई ने अपने फैसले में कहा कि राज्यों को एससी-एसटी कैटगरी वर्ग के बीच क्रीमीलेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण लाभ के दायरे से बाहर निकालने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। एससी-एसटी के उप-वर्गीकरण को हरी झंडी देते समय संविधान पीठ के 7 जजों में से चार ने इस वर्ग के तहत भी क्रीमीलेयर की वकालत की और कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच 'क्रीमी लेयर' को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। यानी इस कैटगरी में जो अमीर लोग हैं, उन्हें आरक्षण के लाभों से वंचित किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा, राज्यों को एससी/एसटी कैटगरी वर्ग के बीच क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण लाभ के दायरे से बाहर निकालने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। कैटगरी के बीच सच्ची समानता हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है। पीठ के दूसरे जज जस्टिस विक्रम नाथ ने इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि जैसे ओबीसी कैटगरी पर क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू होता है, उसी तरह एससी-एसटी कैटगरी में भी लागू होना चाहिए। वहीं, जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक ही सीमित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पहली पीढ़ी का कोई सदस्य आरक्षण के माध्यम से उच्च पद पर पहुंच गया है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का हकदार नहीं होना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

### 6 तक छाये रहेंगे बादल कई जगह बारिश संभव

**रांची।** रांची समेत कई इलाकों में गुरुवार को भी तेज बारिश हुई। रांची के आसपास में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। दो अगस्त को भी राज्य के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। दो अगस्त के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी और आसपास के जिलों में 6 अगस्त तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही, हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश हुई।

# सचिवालय घेराव केस : बाबूलाल और अर्जुन मुंडा को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ और धनबाद सांसद ढुल्लू महतो समेत दो दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं को को हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार है। गुरुवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है, जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट के हुई।

## दुष्कर्म के दोषी को तीन वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी सन्नी कुमार वर्मा को तीन साल कैद की सजा सुनवाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को अतिरिक्त तीन महीने अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने 29 जुलाई को दोषी पाया था। घटना को लेकर पीड़िता ने साल 2022 में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।


झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/573/2024-25 दिनांक :–31.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्ष 2024–25 में पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "निलाम्बर–पीताम्बर से SBI भाया पोस्ट ऑफिस पथ के कि. मी. 0.00 से 1.56 कि.मी. (कुल लम्बाई 1.56 कि.मी.) (कैरेज वे–7.0मी.) तक का राइडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 1,86,92,100.00 (एक करोड़ छियासी लाख बानबे हजार एक सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 (दो) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 08.08.2024 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.08.2024 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16.08.2024 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eerodhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 331494 (Road) 24-25 (D)



Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eeredapfsdran-jhr@nic.in
e-Procurement Very Short Notice
2nd Call
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/11/24-25 Dated 31.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for prep aration of Detailed project report for construction of road - Lalganj more to Parwal, Bharno main road via Katingkela, Danekera, Rugutoli in Lapung Block including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acq uisition Proposal including ownership details , Resetlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand. . from Co nsultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 10.00 km |
| 3- | Work completion time | 45 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 02.08.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 12.08.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 13.08.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, N irupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi - 834002, Mobile No - 9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | PR No | 330156 Road (24-25). D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 331485 Road(24-25)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक:– दिनांक–

ई–निविदा संख्या:–04/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 08/ 2024-25 | हाकेदाग पंचायत में पीपरदाग से दुमकाटोली तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.460 कि0मी0) | 1,32,71,900.00 | एक करोड़ बत्तीस लाख एकहत्तर हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 09/ 2024-25 | लुपुंग पंचायत के सुलुमजुड़ी से खपचाबेड़ा चौक तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–2.000 कि0मी0) | 1,97,72,100.00 | एक करोड़ सन्तानबे लाख बहत्तर हजार एक सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 10/ 2024-25 | लोटा पंचायत के लोटा से जारागोड़ा तक पथ निर्माण कार्य (ल0–1.200 कि0मी0) | 1,34,56,200.00 | एक करोड़ चौंतीस लाख छप्पन हजार दो सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/RANCHI/ 11/ 2024-25 | बंता हजाम पंचायत में बंता बुण्डू रोड से बुरुडीह तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–2.160 कि0मी0) | 2,29,60,100.00 | दो करोड़ उन्तीस लाख साठ हजार एक सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/RANCHI/ 12/ 2024-25 | डोकाद पंचायत भवन से बुढ़ाडीह तक पथ निर्माण कार्य। (ल0– 1.800 कि0मी0) | 1,67,44,700.00 | एक करोड़ सरसठ लाख चौवालीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/RANCHI/ 13/ 2024-25 | जोन्हा पंचायत अन्तर्गत पाहाटुंगरी से शरदाकोचा तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.550 कि0मी0) | 2,42,10,700.00 | दो करोड़ बेयालीस लाख दस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**08.08.2024**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**28.08.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**30.08.2024** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 331381 REO(24-25)#D


# विधायकों के निलंबन को लेकर व्यवस्था मौन रहती तो बढ़ता मनोबल : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि भाजपा विधायकों पर कार्रवाई को लेकर व्यवस्था मौन रहती तो उनका मनोबल बढ़ता। श्री महतो गुरूवार को अपने कक्ष में सदन की कार्यवाही शुक्रवार 11 बजे तक स्थगित होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों ने पुरूष व महिला मार्शलों के साथ भी अभद्रता की है। उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्था मौन रहती तो गलत चीजों को लिये विधायकों का मनोबल बढ़ता। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को सदन के नेता हेमंत सोरेन ने खुद कहा था कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देंगे। फिर भी विपक्ष के विधायक वेल में डटे रहे। हंगामा करते रहे। सदन नहीं छोड़ने का भी ऐलान कर दिया। एक बैनर को आसन के समक्ष खोलकर नारेबाजी करते रहे। सदन स्थगित होने के बाद भी वेल में धरना पर बैठ गये। उन्होंने कहा कि यह सामान्य नियम के प्रतिकूल है। कार्य संचालन नियम 310 के अनुसार सदन में सभा की बैठक के अलावा कोई दूसरा काम नहीं हो सकता है। कार्यवाही स्थगित होने के बाद सभा भवन को बंद करना था। अधिकारी परेशान थे। लेकिन विपक्ष के विधायक घंटों जमे रहे। स्पीकर ने कहा कि महिला मार्शल भी सदस्यों को बाहर आने का आग्रह करने गये तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्हें गाली दी गई। घंटों बीतने के बाद मार्शल द्वारा सम्मान के साथ सभी को सदन से बाहर किया गया। इसके बावजूद विपक्ष के विधायक लॉबी में डटे रहे। स्पीकर के मुताबिक मोटा-मोटी भाषा में इसे हुड़दंगाई कहा जा सकता है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो किया वायरल :** स्पीकर ने कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर बयानबाजी की गई। रात भर सदस्यों ने अव्यवस्था फैलाये रखा। भाजपा विधायक भानु प्रताप और बिरंची नारायण ने वीडियो वायरल किया। जबकि ऐसा करना सदन में वर्जित है। सदन की गरिमा और गोपनीयता तार-तार की गई। उन्होंने कहा कि रणधीर सिंह, अमर बाउरी के अलावा बाबूलाल मरांडी की तरफ से भी वीडियो को सार्वजनिक किया गया। इससे गोपनीयता उल्लंघन का मामला बनता है। उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संविधान और कार्य संचालन के नियम 299, 300 और 310 के तहत 18 सदस्यों को सभावेशम में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।

स्पीकर ने कहा कि पूरे मामले की जिम्मेदारी सदाचार समिति को दी गई है। विधायक रामचंद्र सिंह समिति के अध्यक्ष हैं। एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आसन के खिलाफ भी अपशब्द का इस्तेमाल हुआ है। इसलिये कार्रवाई तो जरूर होगी। उन्होंने इस घटना को सदन के इतिहास में काला अध्याय करार दिया। 24 साल के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में जो कृत्य हुआ है, वह बेहद दुखद है। संसदीय व्यवस्था में काम करने वाले भी शर्मसार होंगे।

## निलंबन से पहले विधायकों की बात भी सुननी चाहिए थी : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायकों के निलंबन पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने स्पीकर से पूछा कि मेरा क्या कसूर है कि मुझे सस्पेंड नहीं किया गया। इससे मेरी और आपकी भी किरकिरी हो रही है। मुझे जमात से बाहर निकाल दिया गया। जबकि मैं भी उस धरना में शामिल था। वहीं, इस कार्रवाई पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सदन के अंदर और बाहर स्पीकर पर कई सवाल दागे। उन्होंने व्यवस्था के तहत स्पीकर से कहा कि सजा सुनाने से पहले विधायकों का पक्ष सुनना चाहिये था। यह कानून का बेसिक शर्त होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सदन के भीतर जूता फेंका गया था। माइक तोड़ा गया था। फिर भी सस्पेंशन की कार्रवाई नहीं हुई थी। हम लोग मर्यादित तरीके से विरोध कर रहे थे। हम सरकार से जानना चाहते थे कि 5 साल पूर्व जो वादे किये गये थे, उसपर सीएम को जवाब देना चाहिये।

उन्होंने कहा कि बीते कल हाउस अरेस्ट वाली स्थिति थी। लाइट बंद कर दिया गया था। सदन से बाहर निकाल दिया गया। लॉबी से भी बाहर निकाल दिया गया। मार्शल ने कहा कि आप लोग बाहर नहीं निकलेंगे तो हम सभी को सस्पेंड कर दिया जायेगा। यह काला अध्याय हैण। हमने मयार्दा भंग नहीं किया था। ? भगत सिंह ने तो अंग्रेजों का ध्यान आकृष्ट करने के लिये बम चलाया था। हम लोग तो बापू के अहिंसा के मार्ग पर चलकर सिर्फ धरना दे रहे थे। साफ लग रहा है कि सरकार के दबाव में काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यवाही के अंतिम दिन सीएम अपना जवाब देकर बचना चाह रहे हैं। 5 माह तक चंपई सोरेन सीएम थे। उनका भी अपमान किया गया। शिबू सोरेन के हनुमान का अपमान किया गया।

वह ऐसे मुख्यमंत्री थे जो हेमंत पार्ट 2 कहते थे। फिर भी उन्हें हटा दिया। यह कहते हुए अमर बाउरी और नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन से वाक आउट कर दिया। इस दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि विधायक सवाल उठाते हैं तो जवाब आना चाहिये। इस मसले को कार्यमंत्रणा में ले जाना चाहिये था। इसका समाधान निकाला जाना चाहिये था। कठोर होने से कैसे चलेगा। इस पर स्पीकर ने कहा कि बर्दाश्त करने की भी सीमा होती है। उन्होंने सुदेश महतो के सुझाव पर कहा कि इस पर विचार जरूर होगा।

# दिन दहाड़े लोकतंत्र की हत्या करवा रही हेमंत सरकार : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि मानसून सत्र के पांचवें दिन स्पीकर ने भाजपा के 18 विधायकों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित कर दिया। विधायकों को 2 अगस्त 2024 के दोपहर 2.00 बजे तक के लिये सदन से निलंबित कर दिया है। विधायकों पर आरोप है कि उन्होंने विधानसभा के विशेषाधिकार का हनन किया है। श्री बाउरी ने कहा कि स्पीकर रवींद्र नाथ महतो विपक्ष की आवाज को अपने विशेषाधिकार की आड़ में दबाने का प्रयास कर रहे है। अपनी वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर स्पीकर सरकार के कार्यकर्ता के रूप में सदन के अंदर काम कर रहे हैं। वे दिनदहाड़े लोकतंत्र की हत्या कर रहे है और बिना किसी दोष के भाजपा के 18 विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि किस नियम के तहत सभी 18 विधायकों को अध्यक्ष ने निलंबित किया है यह जनता को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में अघोषित इमरजेंसी लगी हुई है। आज का दिन झारखंड के इतिहास का वह काला दिन है जब कार्यकर्ता के रूप में काम करने वाले विधानसभा अध्यक्ष सरकार के इशारे पर फैसला ले रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 एवं वर्ष 2019 का जिक्र करते हुए कहा कि जिस वक्त दिनेश उरांव झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष थे उस वक्त उनके ऊपर जूता फेंका गया, गालियां दी गई। लेकिन, उस समय के तत्कालीन अध्यक्ष ने किसी भी विधायक को निलंबित नहीं किया। बुधवार की देर रात हुई घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से सारे नियम को ताक पर रखते हुए प्रदर्शन कर रहे विधायक को शौचालय जाने से रोका गया, बिजली काट दी गई। उन्हें जबरन वेल से निकाला गया। इतना ही नहीं उन्हें जबरन विपक्ष लॉबी से भी बाहर किया गया।

असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विश्वकर्मा को पाकुड़ जाने से रोकने के विषय पर उन्होंने कहा कि यह सरकार नहीं चाहती है कि उनकी पोल खुले। क्या पाकुड़ का गोपीनाथपुर गांव किसी दूसरे देश में है। यदि नहीं तो भारत के एक नागरिक को जो खुद मुख्यमंत्री भी है, उन्हें अपने ही देश में किसी एक जगह पर जाने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। राज्य सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने का काम किया है। वह सारी बातें हिमंता विश्वा शर्मा जनता के बीच सार्वजनिक कर देंगे और इसी डर की वजह से उन्हें पाकुड़ जाने से की अनुमति नहीं दी गई।

## प्रदर्शन कर रहीं सहिया एवं अन्य संविदा कर्मियों से विधायक मिले

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि पूरा एनडीए संविदा कर्मियों के साथ हैं। संविदाकर्मियों को स्थायी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षकों की तरह सभी संविदा कर्मियों को स्थायी करने की जरूरत है। वह गुरूवार को आंदोलनरत संविदा कर्मियों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को सभी संविदा कर्मियों का स्थायी करण ऐसा करना होगा।

## कोयला मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता तेज ने की सीसीएल की समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता तेज ने सीसीएल के कोयला प्रेषण की समीक्षा कंपनी मुख्यालय में गुरुवार को की। इस अवसर पर कोयले की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्िचत करने से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

कोयला प्रेषण बढ़ाने और उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्िचत करने से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

मौके पर सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह, कोल इंडिया के निदेशक (मार्केटिंग) मुकेश चौधरी, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/संचालन) हरीश दुहान, रेलवे के रांची डिवीजन की सीनियर डीओएम श्रेया सिंह, धनबाद डिवीजन सीनियर डीओएम अंजय तिवारी एवं सीसीएल के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद तेज ने कोयला उपभोक्ताओं से एक अन्य बैठक में बातचीत की।

मालूम हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति के लिए संकल्पित है। इसलिए सभी उपभोक्ताओं को समय पर पर्याप्त कोयले का प्रेषण सीसीएल की प्राथमिकता है।

## चुनाव आयोग ने झारखंड सहित 4 राज्यों के लिए जारी किया तबादला का निर्देश

### झारखंड के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** झारखंड समेत चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। चुनाव आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि आयोग की नीति है कि चुनाव वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है, जहां वह एक लंबे समय से तैनात है। इसलिए चुनाव से सीधे जुड़े किसी भी अधिकारी को वर्तमान जिले में बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर वह अपने गृह जिले में तैनात हैं या उसने उसने पिछले चार वर्षों के दौरान उक्त जिले में तीन वर्ष वर्ष पूरे किए हैं, तो उसे स्थानांतरित किया जाये।

**एसपी समेत इन अधिकारियों का होगा तबादला :** चुनाव आयोग ने पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया हैं कि जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, राज्य सशस्त्र पुलिस के कमांडेंट, एसएसपी, एसपी, एडिशनल एसपी, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर या समकक्ष रैंक अधिकारी जो चुनाव के समय जिले में सुरक्षा व्यवस्था या पुलिस बलों की तैनाती के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें उनके गृह जिले में तैनात नहीं किया जाना चाहिये। अगर किसी ने एक ही जगह पर चार वर्षों में से तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, या पूरा करने वाला है, तो उसे ऐसे उनका ट्रांसफर किया जाना चाहिये।

# निकाय चुनाव मामले में राज्य सरकार की अपील पर हाईकोर्ट में विस्तृत सुनवाई आठ अगस्त को

### सरकार ने बताया याचिका की त्रुटि दूर कर ली गई है

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के 4 जनवरी 2024 के हाई कोर्ट के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार की अपील (एलपीए) की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की याचिका की त्रुटि दूर कर ली गई है। इससे पहले प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया गया कि इस केस के मेरिट पर सुनवाई की जाए, राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट के बहाने निकाय चुनाव टाल रही है, यह संवैधानिक मिशनरी की विफलता है। समय पर चुनाव नहीं करना और रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था को दबाने जैसा है। एकल पीठ का आदेश सही है। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 8 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। खंडपीठ ने पूर्व में एकल पीठ के द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार किया था। मामले में पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की और से हाई कोर्ट में कैविएट दायर कर राज्य सरकार की अपील पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। वहीं सरकार की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दायर कर एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था।

**अपील में क्या कहा है राज्य सरकार ने :** अपील (एलपीए) में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडीकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगी और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगी। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जायेगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा करने के लिए समय दिया जाए। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है।

### नगर निकायों का चुनाव जल्द का था आग्रह

यहां बता दे कि राज्य में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की याचिका को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि 3 सप्ताह में झारखंड में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि निकाय चुनाव नहीं करना संवैधानिक तंत्र की विफलता है।

अपील में राज्य सरकार ने झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के प्रोविजन का हवाला देते हुए नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति को सही ठहराया है।

# राज्य शिक्षा सेवा के आठ अफसर बदले

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य शिक्षा सेवा के आठ अफसरों का तबादला कर दिया है। स्कूली शिक्षा विभाग ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन बुधवार की देर शाम जारी कर दिया।

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| गोपाल कृष्ण झा | क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना |
| मुकुल राज | जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़ |
| अनीता पुरती | जिला शिक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ |
| कैसर रजा | जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा |
| नूर आलम खां | जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला |
| कविता खलखो | जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला |
| कैलाश मिश्र | जिला शिक्षा अधीक्षक, सरायकेला |
| चार्ल्स हेम्ब्रम | जिला शिक्षा पदाधिकारी, जामताड़ा |

## आरयू के वीसी से मिला युवा आजसू का डेलिगेशन, सौंपा ज्ञापन

**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की परेशानी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी और दोषी अधिकारी पर कार्रवाई भी की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से: बिपिन यादव, लाल मानी यादव, अकाश नयन , विशाल कुमार यादव, निष्ठा अंशु, अनुज, मनोज, आदित्य कुमार, सौरव यादव के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड में श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल

# मिलेट्स उगाने वाले किसानों को सरकार देगी प्रति एकड़ 3000 रुपये

- मडुआ, बाजरा, ज्वार, कंगनी, सावा, चेना...को बढ़ावा देगी सरकार
- झारखंड में राज्य मिलेट मिशन योजना लागू

सुधीर

**रांची।** राज्य के किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब, राज्य सरकार मिलेट्स (श्रीअन्न-मोटा अनाज) उगानेवाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ 3000 रुपये देगी। सरकार ने राज्य में मडुआ, बाजरा, ज्वार, कंगनी, सावा, चेना, कुटकी, कुप्तू, चौलाई और ऐसे ही मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में राज्य मिलेट मिशन योजना लागू किया है। इस योजना के तहत झारखंड राज्य के किसानों को प्रति एकड़ 3000 रुपये का लाभ प्रदान किया जायेगा।

### डीबीटी से किसानों को दी जायेगी प्रोत्साहन राशि

इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी के स्तर से किसानों को बताया जा रहा कि खेतों में मिलेट फसल के उत्पादन के लिए राज्य सरकार द्वारा किसानों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। प्रति एकड 3000 रुपए की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों को मिलेगा। न्यूनतम 10 डिसमील और अधिकतम 5 एकड क्षेत्र के लिए यह मदद दी जाएगी। किसान अगर इसके लिए इच्छुक हों तो वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जो किसान मिलेट की खेती करते हैं, झारखंड के निवासी हैं, मोबाइल से लिंक जिनका आधार नंबर हो तथा बैंक में केवाइसी से आच्छादित जिनका खाता हो, वे आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### क्या है मामला

राज्य सरकार ने राज्य में मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल की है। राज्य में झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना लागू की जा चुकी है। इसका उद्देश्य मिलेट फसल के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने का है। इस योजना के तहत किसानों को अपने अपने जिलों में अपने खेतों में श्री अन्न (मिलेट फसल) को बढावा देने को प्रोत्साहित करने का है। इसके तहत जो किसान मडुआ, बाजरा, ज्वार, कंगनी, सावा, चेना, कुटकी, कुप्तू, चौलाई और ऐसे ही मोटे अनाजों को लगाएंगे, उसके लिए सरकार मदद देगी।

# विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की रूप रेखा तय करता है : डॉ टीके शांडिल्य



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के वीसी डॉ टीके शांडिल्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की रूप रेखा तय करता है। गुरुवार को राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में उन्होनें विद्यार्थियों को अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज विद्यार्थी जैसा आचरण करते है, उसी के अनुसार उनका आगे का भविष्य निर्धारित होता है। उन्होंने राजनीति विज्ञानके विद्यार्थियों को कौटिल्य के विचारों से अवगत और स्मरण कराते हुए कहा कि कौटिल्य के अनुसार, विद्यार्थी जीवन बेहद ही महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह समय है जो भविष्य की रूपरेखा तय करता है। ऐसे में कौटिल्य का मानना था कि विद्यार्थियों को ऐसा परिश्रम करना चाहिए, जिस प्रकार से एक संत अपनी साधना में लीन रहता है। इसके साथ ही एक विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन शैली का पालन करना चाहिए। उन्होंने आगे विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि यहां से जब आप शिक्षा प्राप्त कर जीविकोपार्जन की तलाश करेंगे तो नैतिकता और अनुशासन आपके जीवन का मूलाधार होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के विभिन्न अंगों जैसे पाठ्यक्रम शिक्षण पद्धति, शिक्षा का उद्देश्य, स्वरूप, आदि पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस विदाई समारोह में विभागीय स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों ने भी विचार व्यक्त किये। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ किरण झा, डॉ शुचि संतोष बरवार, डॉ मनीषा सहित राजनीतिविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## बीएसएल ने मेडिकल मोबाइल यूनिट को किया रवाना

**बोकारो।** श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिविर के लिए बीएसएल के सीएसआर के तहत कार्यरत मेडिकल मोबाइल यूनिट 'इस्पात संजीवनी' को निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस्पात भवन परिसर से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। मौके पर ईडी परियोजनाएं सीआर महापात्रा, सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद, जयदीप दासगुप्ता डॉ इंद्रनील चौधरी अन्य कर्मी मौजूद थे। तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गई व्यवस्था दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। शिविर के लिए बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं मरहम पट्टी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों का दल बोल बम के जयघोष के साथ रवाना हुआ।

## दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट जेवियर कॉलेज की छात्रा को नशीली कोल्ड ड्रिंग पिला दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर डरा-धमका कर पांच साल तक लगातार जबरन दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त वरुण सिंह को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 5 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त मूलतः बक्सर जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के खरबनिया गांव निवासी है। दोषी पाये जाने के बाद जमानत पर चल रहा अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने घटना को लेकर छह साल बाद लालपुर थाने में सितंबर 2017 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत ने अभियुक्त को दुष्कर्म के साथ आईटी एक्ट की धारा में दोषी पाया है। फेंक आईडी से उसने अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करने की धमकी दी थी।

**क्या है मामला :** अभियुक्त ने पहले छात्रा से साल 2011 में दोस्ती की। इसके बाद सर्जना चौक स्थित हेस्टी टेस्टी रेस्टोरेंट में ले गया। वहां से उसे पहली बार सेंट अन्ना स्कूल की गली में स्थित शांति एन्क्लेव में पहली मंजिल पर अपने किराये के फ्लैट में ले गया था और वहीं नशीला कोल्ड ड्रिंग पिलाया और घटना को अंजाम दिया था। इसका अश्लील वीडिया बना लिया। उसी को दिखाकर वरुण सिंह ने छात्रा को चार साल तक हवस का शिकार बनाता रहा। 2015 में छात्रा के पिता को जानकारी दी। इसके बाद उसने छात्रा के पिता से 30 लाख रुपये की मांग की। नहीं तो फेंक आईडी बनाकर उसके रिश्तेदारों को व्हाट्सएप भेजने की धमकी दी। इसकी शिकायत कोतवाली थाना में की गई। जहां आगे से ऐसा नहीं करने का बॉड भरा। लेकिन, उसकी हरकत आगे भी जारी रही। परेशान पीड़िता ने सितंबर 2017 में लालपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई।

# इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची की अध्यक्ष बनी दीपा चौहान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची का जेके सदन हरमू में नयी कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची महिला विश्वविद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ सुप्रिया थीं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नयी कार्यकारिणी समिति में दीपा चौहान अध्यक्ष, सोमा भादुड़ी उपाध्यक्ष, नीता शेखर सचिव, अर्चना त्रिवेदी कोषाध्यक्ष, शालिनी सिन्हा आइएसओ और निशी श्रीवास्तव एडिटर चुनी गई।

इनरव्हील क्लब 325 की डिस्ट्रिक्ट आईएसओ नीता नारायण ने नवगठित टीम को बधाई दी और क्लब के द्वारा किए कार्य की सराहना की। इसमें क्लब की सिनीयर सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्लब की ओर से पेस्टालोजी स्वयंसेवी संस्था के बच्चों के लिए वाटर फिल्टर दिया गया एवं चेशायर होम में एक व्हील चेयर दिया गया। इनरव्हील क्लब आफ साउथ, इनरव्हील क्लब आफ पलाश, इनरव्हील क्लब आफ प्रगति ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शिखा सुप्रिया ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

# मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मां के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने जताया शोक





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की माता मुस्तरी खातून के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मधुपुर में उनके आवास पर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित की। मरहूम मुस्तरी खातून के निधन पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने फुरकान अंसारी एवं डा. इरफान अंसारी से दूरभाष पर बात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में मेरी पूरी संवेदनाएं आप लोगों के साथ है मैं इस दुख को सहने की शक्ति देने हेतु ऊपर वाले से से प्रार्थना करता हूं। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दिवगंत मुस्तरी खातून ने शिक्षिका के रूप में अपने सेवा काल के दौरान समाज के बीच एक पहचान छोड़ी है। उनका मार्गदर्शन हमेशा लोगों को सरल,सौम्य,निडर महिला की छवि सहित स्नेहिल माता के रूप में मिलता रहा। उनके निधन से मैं व्यक्तिगत क्षति का अनुभव का रहा हूं। उन्होंने इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति पूरे परिवार को देने की ईश्वर से प्रार्थना की।

मरहूम मुस्तरी खातून के निधन पर लोकसभा में विपक्ष के नेता से राहुल गांधी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य अविनाश पांडे ने भी पत्र लिखकर अपने गहरी संवेदना प्रकट की है। संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, रविंद्र सिंह,संजय पांडेय,विनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान, कमल ठाकुर, गजेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव झामुमो महताब अंसारी ने भी मृत आत्मा के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# फुरकान और स्टीफन के घर जा कर सीएम ने दी सांत्वना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी की माता एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की धर्मपत्नी मुस्तरी खातुन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उनके निधन पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत राज्य के सभी मंत्रियों ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ गुरुवार को मंत्री डॉ इरफान अंसारी के मधुपुर स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत मुस्तरी खातुन के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा दुःख की इस घड़ी में उनका ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## स्टीन मरांडी की पत्नी के निधन पर सीएम पत्नी संग पहुंचे दुमका, दी श्रद्धांजलि



### स्टीफन के घर पहुंचे दुमका, दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक- सह- 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी सुहाषिनी बेसरा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वह गुरुवार को अपनी धर्मपत्नी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन के साथ स्टीफन मरांडी के दुमका स्थित आवास पर पहुंचकर दिवंगत सुहाषिनी बेसरा के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने शोक- संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उनका ढाढ़स बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की।

### मेरी हार्दिक संवेदना स्वीकार करें : राहुल गांधी

पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी और झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मां के निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आपकी माता मुस्तरी खातून के निधन के बारे में सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं किसी प्रियजन को अलविदा कहने के नुकसान की गहरी भावना को समझता हूं। हमारे माता-पिता हमारे सबसे महान शिक्षक हैं। उनका प्यार और शांत समर्थन हमें उन अनिश्‍चितताओं से निपटने में मदद करता है, जो जीवन अक्सर हमारे सामने लाता है। हालांकि उनकी बुद्धिमत्ता और रोशनी उनके जाने के बाद भी हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। मुझे यकीन है कि आपने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर आपकी मां को गर्व होगा। मैं उसे खोने पर आपकी पीड़ा और दुख की कल्पना कर सकता हूं। कृपया मेरी हार्दिक संवेदना स्वीकार करें। इस कठिन समय में मेरे विचार और प्रार्थना आपके और आपके परिवार के साथ हैं।

### मुस्तरी खातुन का हार्ट अटैक से हुआ निधन

बताते चलें कि इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातुन का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्होंने 80 साल की उम्र में अंतिम सांस ली।

जानकारी के अनुसार, मुस्तरी खातुन की तबियत रात 2:30 बजे अचानक खराब हो गयी थी। इसके बाद आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मुस्तरी खातुन को गुरुवार की शाम को लखना कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## खबर एक नजर में

### रिटायर कर गये झारखंड कैडर के आईएएस एनएन सिन्हा

**रांची।** झारखंड कैडर के आईएएस एनएन सिन्हा 31 जुलाई को रिटायर हो गये। वे केंद्र में इस्पात मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थापित थे। वे इस पद पर एक जनवरी 2023 से पदस्थापित थे। वहीं झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते 31 अक्तूबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। वहीं झारखंड में फिलहाल दो चीफ सेक्रेटी रैंक के अफसर कार्यरत हैं। **इस साल सीएस रैंक के चार अफसर हो चुके हैं रिटायर :** इस साल झारखंड कैडर में सीएस रैंक के चार अफसर रिटायर हो चुके हैं। इसमें पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, एसकेजी रहाटे, राजीव अरुण एक्का और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं। झारखंड में आईएएस अफसरों के 224 पद स्वीकृत हैं। इसमें से 180 अफसर ही कार्यरत हैं। 44 अफसरों की अब भी कमी है। **इस साल ये अफसर होंगे रिटायर :** राजीव गौबा - 30. 08. 2024, एल खियांग्ते - 31. 10. 2024, एमएस भाटिया - 30. 09. 2024, आलोक त्रिवेदी - 31. 08. 2024, अमित प्रकाश - 31. 12. 2024, राजू रंजन राय - 31. 12. 2024

### चट्टोराज की विदाई व अमर चौधरी का स्वागत

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को प्रो (डॉ ) एके चट्टोराज का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद डॉ अमर चौधरी ने वाणिज्य विभाग का विभागध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है। पद ग्रहण करने पर विभाग के शोधाथीर्यों डॉ पंकज कुमार शर्मा, जहांगीर, गौरव अग्रवाल, राफिया नाज, पूजा सिंह एवं अन्य विद्यार्थियों ने उनका अंगवस्त्र एवं पुष्प गुछ देकर स्वागत किया। गौरव अग्रवाल ने कहा कि नये विभागध्यक्ष के रूप में अमर चौधरी के आने से विद्यार्थियों के बीच नयी ऊर्जा का संचार होगा।

### एसबीयू के डायरेक्टर जनरल बने प्रो गोपाल पाठक

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के निवर्तमान कुलपति प्रो. गोपाल पाठक को विवि का नया डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। इस आशय की घोषणा आज विवि प्रबंधन ने की। इस अवसर पर विवि परिसर में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उनका अभिनंदन किया। नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। बीआईटी मेसरा के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र रहे प्रो. पाठक ने इसी संस्थान में लंबे समय तक अध्यापन का कार्य किया। प्रशासनिक पदों, डीन और वीसी का प्रभार भी संभाला। उनके तकनीकी पत्र देश-विदेश की कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उन्होंने विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर भी अपना योगदान दिया है। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में वीसी के पद पर रहे प्रो. पाठक ने वर्ष 2020 में सरला बिरला विश्वविद्यालय में वीसी का कार्यभार संभाला था। डीजी का पदभार ग्रहण करने के पूर्व तक इसी पद में रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री से आदिल ने लगाई गुहार

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य सचिव एल ख्यांगते से मांग करते हुए राज्य के राज्य कर्मियों के लंबित एवं ज्वलंत मांगों में सरकारी कर्मियों की हो रही कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की है। साथ ही सचिवालय से लेकर प्रखंड तक के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को सीधे तृतीय वर्ग में प्रोन्नति , शिक्षकों को एम ए सीपी का लाभ देने, लिपिक संवर्ग को काल अवधि का लाभ आठ वर्षों से घटाकर चार वर्ष करने, अनुबंध कर्मियों, पारामेडिकल और पारा शिक्षकों, संविदा और दैनिक कर्मियों का समायोजन, रिम्स की नर्सों एवं अन्य को पुराना पेंशन सहित वन विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के दैनिक कर्मियों का नियमितीकरण करने एवं मानदेय प्रथा और ठेकेदारी प्रथा बंद की जाए। महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल ने कहा कि राज्य का समस्त राज्य कर्मी हेमंत सरकार पर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। इसलिए महासंघ ने कहा कि राज्य सरकार हमारी मांगों को पूरा कर समस्त राज्य कर्मियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाने की कार्रवाई करें।

### डीएवी स्पोर्ट्स में नीरजा सहाय के विजेता सम्मानित

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में कलस्टर स्तर पर आर्श्चयजनक जीत हासिल की। डीएवी स्पोर्ट्स चार चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम बोकारो सेक्टर- 4 में हुआ। यहां नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने 28 स्वर्ण 18 रजत और 11 कांस्य पदक प्राप्त किया। द्वितीय डीएवी गांधीनगर में संपन्न हुआ। यहां सात स्वर्ण ,33 रजत और 18 कांस्य प्राप्त हुए। तीसरा डीएवी नीरजा सहाय में संपन्न हुआ यहां खिलाड़ियों को 101 स्वर्ण, 22 रजत और 14 कांस्य पदक प्राप्त हुए । चौथा डीएवी कपिल देव में संपन्न हुआ। यहां नीरजा सहाय के खिलाड़ियों को 31 स्वर्ण 48 रजत और 16 कांस्य पदक हासिल हुए। इस प्रकार कुल 96 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 95 पदक के विजेता हुए। प्राचार्या ने गुरुवार को असेंबली में उन सभी विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में जीत प्राप्त की है। आगे जोनल स्तर पर भी इसी तरह की जीत हासिल करने का आशीर्वाद दिया। विजेता टीम जोनल स्तर पर खेलने के लिए तैयार है।


### पोकलेन सहित चालक गिरा खदान में, मौत

साहेबगंज। जिले के रांगा थाना क्षेत्र के बोढ़ना पहाड़ स्थित सुब्रतो पाल के पत्थर खदान में पोकलेन के खदान से नीचे गिरने से पोकलेन चालक की मौत हो गई है। मृतक पोकलेन चालक की पहचान रांगा थाना पुलिस ने बरहेट के लालचंद घोष के रूप में की गई है। घटना तब हुई जब पत्थर खदान में पोकलेन चालक रैम्प बना रहा था। रांगा थाना पुलिस ने शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिये अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया है। पत्नी दीपाली देवी के बयान पर केस दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।घटना बूधबार करीब दोपहर दो बजे की बताई जा रही है। रेस्क्यू शाम करीब पांच बजे स्थानीय लोगों व साथी मजदूर के द्वारा शुरू किया गया।रांगा थाना प्रभारी अखलेश यादव ने बताया कि यूं डी केश दर्ज कर ली गई है। मृतक लालचंद घोष अपने पीछे अपने तीन दुधमुंहे बच्चे एवं पत्नी और अपने बुढे मां बाप को छोड़कर चल गये। पूरे परिवार के साथ गांव के महिला पुरूष का रोल रो कर बुरा हाल है। परिजन का कहना है कि सरकार और खदान मालिक से मुआवजा का मांग करता हूं ताकि उसके दुधमुंहे बच्चे और परिवार का देखभाल हो सके।

### तबला वादन व एकल गान प्रतियोगिता आयोजित

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो की सीनियर इकाई में सांस्कृतिक उत्सव तरंग के तीसरे दिन अंतर सदन समूह तबला वादन में तीन ताल के विभिन्न स्वरूपों का उन्होंने जहां मनोरम प्रस्तुतीकरण किया वहीं भजन थीम पर आयोजित एकल-गान प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति के जरिए भक्तिरस की सरिता प्रवाहित कर दी। समेकित प्रदर्शन के आधार पर इस स्पर्धा में जमुना हाउस की टीम पहले स्थान पर रही। चेनाब व गंगा सदन की टीमें क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। अंतर सदन भजन एकल गान में गंगा हाउस के गुरशोभ सिंह बिन्द्रा और सतलज की गुन पाठक ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। रावी की श्रीनिधि एवं झेलम हाउस की एंजेल बजाज दूसरे तथा चेनाब की अचिंत कौर और जमुना के उत्कर्ष आदित्य ने साझा रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार एवं निर्णायकों का तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन लिटररी सेक्रेटरी प्रसून पंकज ने व मंच संचालन छात्र मृदुल अमन नायशा सिंह नेगी एवं अवनी अनन्या पांडेय ने किया।

### दुकानदारों के आग्रह पर ललपनिया पहुंचे पूर्व विधायक योगेंद्र



**बेरमो/ललपनिया।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो जी जीरो प्वाइंट शॉपिंग सेंटर ललपनिया के सैंकड़ों दुकानदारों के आग्रह पर वे पहुंचे। यहां विश्वकर्मा मंदिर के परिसर में दुकानदारों ने उनके समक्ष अपनी ज्वलंत समस्याओं को रखते हुए निराकरण की फरियाद की। दुकानदारों ने उन्हें बिजली, पानी की व्यापक समस्या से अवगत कराया एवं एक मांग पत्र सौंपा।दुकानदारों ने अध्यक्ष सह पूर्व विधायक महोदय को निवेदन पूर्वक बताया कि इस शॉपिंग सेंटर कॉम्प्लेक्स में बिजली के कोई व्यवस्था ही नहीं है।मेनरोड स्थित कदम पेड़ चौक से गुजरे पोल से तार जोड़कर बिजली ले रहे हैं। भारी बारिश या अन्य कारणो से कई बार तार टूट जाता है, जिससे दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। इसी तरह, पानी की कोई मुक्कमल व्यवस्था नहीं है।ग्रामीण पेयजला पूर्ति की पाइप ठीक कॉम्प्लेक्स के सामने से गुजरी हुई है, लेकिन हमलोग को यह पानी नसीब नहीं हो रहा है। उक्त दोनों व्यवस्था के अव्यवस्थित होने से हम सभी दुकानदार परिवार सहित काफी परेशान हैं। इस ओर आपसे काफी उम्मीदें हैं।दुकानदारों एवं इनकी गृहणियों से पानी,बिजली से संबंधित पीड़ा सुनने उपरांत अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री महतो ने मौके से ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन लगाकर अविलंब पेयजल संबंधित समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। बिजली मामले में भी उन्होंने आश्वस्त किया और कहा कि पानी, बिजली की व्यवस्था को हर हाल में व्यवस्थित कराएंगे। उन्होंने पाइपलाइन आदि का निरीक्षण भी किया।मौके पर दुकानदारों ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया और एक स्वर में कहा कि हमसभी दुकानदार आपके साथ पूरी ताकत के साथ खड़े रहेंगें।

## फोवा ने मनाया वन महोत्सव

**रांची।** फारेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (फोवा) ने गुरुवार को वन महोत्सव मनाया। फोवा के द्वारा प्रति वर्ष वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम आरएंडआर कॉलोनी, कुटे, धुर्वा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संत एंथोनी स्कूल एवं मध्य विद्यालय, बोड़िया के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वनों एवं पर्यावरण के संरक्षण के ऊपर अपने-अपने सारगर्भित विचार भी रखे। मौके पर नीम, पीपल, बरगद इत्यादि के लगभग 50 पौधे लगाये गये। फोवा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने का संदेश देते हुये एक पेड़ मां के नाम के अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में फोवा की रुचि उपाध्याय, पूनम रंजन, सुनंदिता दस, मीनू पांडियन के साथ-साथ प्रमिला सिंह, सबिता मिश्रा, लीना रस्तोगी, माधवी चटर्जी, कला पांडेय, आनी सिसली, रंजना सामंत, सीमा कुमार, सुनिता गुप्ता, लीना गुप्ता, रेखा राजपुरोहित, प्रीति बाला, महविश फातिमा, विशाखा वर्मा और सुधा चौधरी उपस्थित थीं।

# बायोम इंस्टीट्यूट का उड़ान टैलेंट रिवार्ड एग्जाम दो चरणों में, पहले चरण की परीक्षा सितंबर माह के अंत में

## 2.5 करोड़ रुपये के बांटे जायेंगे स्कॉलरशिप व उपहार

- कक्षा आठवीं से 12वीं के विद्यार्थी एग्जाम में हो सकेंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से वार्षिक उड़ान 2025 टैलेंट रिवार्ड एग्जाम की घोषणा कर दी गयी है। कक्षा आठवीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी उड़ान परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। संस्था के वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। उड़ान एग्जाम के पहले चरण में विद्यार्थी ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों में से किसी भी एक माध्यम में परीक्षा दे सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम में परीक्षा देने के इच्छुक विद्यार्थी 25 सितंबर तक और ऑफलाइन माध्यम में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी को 27 सितंबर तक आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। परीक्षा सितंबर महीने के अंत में संचालित होगी। उड़ान 2025 में सफल होने वाले विद्यार्थियों को 100 फीसदी स्कॉलरशिप हासिल करने का मौका मिलेगा। संस्थान की ओर से आयोजित परीक्षा के सफल विद्यार्थियों के बीच 2.5 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप और उपहार बांटे जायेंगे।

### ऑनलाइन परीक्षा में नि:शुल्क हो सकेंगे शामिल

उड़ान 2025 टैलेंट रिवार्ड एग्जाम दो चरणों में आयोजित होगी। इस क्रम में पहले चरण की ऑनलाइन परीक्षा 20 से 26 सितंबर तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों को अपने च्वाइस के एग्जाम स्लॉट को चयन करने का मौका मिलेगा। ऑनलाइन परीक्षा में विद्यार्थी नि:शुल्क शामिल हो सकेंगे। वहीं, पहले चरण की ऑफलाइन परीक्षा रविवार, 29 सितंबर को संचालित की जायेगी। ऑफलाइन एग्जाम में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन शुल्क 200 रुपये चुकाना होगा। विद्यार्थी उड़ान 2025 एग्जाम का फॉर्म संस्था के वेबसाइट के अलावा हिनू और न्यू नगड़ा टोली स्थित बायोम सेंटर से ले सकेंगे।

### परीक्षा के स्टेट टॉपर को मिलेगा लैपटॉप

बायोम इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि पहले चरण की ऑफलाइन परीक्षा का रिजल्ट 06 अक्तूबर को जारी किया जायेगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से आकर्षक उपहार दिया जायेगा। स्टेट टॉपर को लैपटॉप, जोन टॉपर को साइकिल, डिस्ट्रिक्ट टॉपर को टैब और स्कूल टॉपर को स्मार्ट वॉच उपहार स्वरूप दिया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### शिव शिष्यता की जननी दीदी नीलम आनंद के जन्मदिवस पर शिव शिष्यों ने किया पौधरोपण



**रांची।** शिव शिष्यता की जननी दीदी नीलम आनंद के 72वें जन्मदिवस के अवसर पर शिव शिष्यों द्वारा पूरे भारत वर्ष एवं विदेशों में गुरुवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अर्चित आनंद (मुख्य सलाहकार) शिव शिष्य परिवार, बरखा आनंद, अध्यक्ष (शिव शिष्य हरींद्रानन्द फाऊंडेशन), शिव कुमार, भूषण, श्रीगौतम, राजेश, श्री रजनीश, आदित्य, सरिता सहित अन्य गुरुभाई/बहन उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के अर्चित ने बताया कि प्रति वर्ष पौधरोपण अभियान चलाया जाता है और उसका संरक्षण का संकल्प भी लिया जाता है।

### वैश्य मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपा 10 सूत्री मांग-पत्र

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर उन्हें 10 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने विस्तार से वैश्य एवं पिछड़ों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलने से छात्रों एवं नौकरी के अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जिलों में पिछड़ों का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। आप राज्य के मुखिया हैं। सभी को लाभ और सुरक्षा मिले, ऐसी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे सभी मांगों पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग मुझे अपना समझें, मैं भी आप के साथ खड़ा हूं। इस दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद रहें। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, अनंतलाल विश्वकर्मा, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, रामसेवक प्रसाद, अश्विनी साहु, सुरेश साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद, प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कंचन साहु, कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, संगठन सचिव उपेन्द्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), सुनील प्रसाद साव (चाईबासा), महासचिव विनोद गुप्ता (चाईबासा), युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, राजाराम प्रसाद, भुनेश्वर साव, राजमुनि कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, अजय केशरी, डॉ. मुरली प्रसाद, गोपाल सोनी, संजय केशरी, भुवनेश्वर सोनी आदि शामिल थे।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप आद्या बुधिया को किया सम्मानित



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर आद्या बुधिया को साफा, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर गुरुवार को सम्मानित किया। साथ ही साथ आद्या के पिता गौरव बुधिया, माता स्वेता बुधिया और उसके दोनों कोच को भी सम्मानित किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने बुधिया परिवार की बहुत ही प्रशंसा की और कहा कि आपकी बिटिया इसी प्रकार आगे बढ़े और आपके साथ-साथ समाज का भी नाम ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय मंत्री रवि शर्मा, अरुण जोशी, आकाश पचेरीवाल, मनीष लोधा, अरुण बुधिया ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### कमल किशोर भगत जयंती पर युवा आजसू के पदाधिकारियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की जयंती पर युवा आजसू के पदाधिकारियों ने आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा, कमल किशोर भगत गरीबों, वंचितों और शोषितों की सशक्त आवाज थे। उनका पूरा जीवन समाज के सभी वर्गों की सेवा और समर्थन में समर्पित था। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। सभा में उपस्थित युवा आजसू के पदाधिकारियों ने कमल किशोर भगत के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौतम सिंह ने कहा कि स्व. कमल किशोर भगत (बबलू दा) के आदर्श और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे कमल किशोर भगत के संघर्ष और सेवा के मार्ग पर चलकर समाज के वंचित और शोषित वर्ग की आवाज बनें। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह, राहुल तिवारी, नगर संयोजक अभिषेक शुक्ला, विशाल यादव, बिपिन कुमार, मनोज कुमार, सौरभ, अनुज, आदित्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गुटखा, खैनी से होती है नशे की शुरुआत, नशे को कहें बाय-बाय



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर इंटर कॉलेज में गुरुवार को डालसा ने नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पान, गुटखा, खैनी इत्यादि से नशा की शुरूआत होती है। सजा को तीन कैटेगरी स्मॉल, इंटरमीडिएट, कॉमर्शियल में बांटा गया है। इसमें 2 से 10 साल की सजा तथा 2 लाख का जुर्माना भी है। वहीं मध्यस्थ पीएन सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं।

सीआईडी-डीएसपी, राजकुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा से शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक हानि होती है। इस मौके पर अनुज उरांव, पीएलवी, भूप्रताप महतो, मानव कुमार, संगीता सिंह, संगीता देवी एवं संत जेवियर इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्राइमरी हेल्थ ट्रीटमेंट की शुरुआत करने की मांग



**रांची।** सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा ने गुरूवार को शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लेख करते हुए स्कूलों में प्राइमरी हेल्थ ट्रीटमेंट की शुरूआत करने की मांग की। उन्होंने शिक्षा मंत्री से कहा कि स्कूलों में अन्य शिक्षा की तरह इसे भी लागू किया जाना चाहिए। इससे हम हजारों लोगों की जान बचा सकते है। खासकर उन्होंने सीपीआर की ट्रेनिंग स्कूल लेवल पर देने की बात रखी।

## कृषि आंकड़ों का एकत्रीकरण पूरी गुणवत्ता के साथ हो : डॉ एससी दुबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि कृषि संबंधी आंकड़ों का एकत्रीकरण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित मानकों और प्रारूप के अनुरूप करना चाहिये। डॉ दुबे वृहस्पतिवार को बीएयू में भारत की प्रमुख फसलों की उत्पादन लागत के अध्ययन सम्बन्धी व्यापक योजना के क्षेत्र अन्वेषकों के प्रशिक्षण सह कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि डेटा संग्रहण की तकनीकी मोनिटरिंग का कार्य सम्बंधित लोगों को पूरी गंभीरता से करना चाहिये। इस योजना के तहत देश में कुल 25 फसलों तथा झारखण्ड में 11 फसलों का डेटा संग्रह किया जा रहा है। इस अवसर पर अन्वेषकों को 6 लैपटॉप वितरित किया गया।

कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ डीके शाही, कृषि अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आरपी सिंह, भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ रामविनोद सिंह तथा डॉ राजेंद्र प्रसाद, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय से आये क्षेत्र अन्वेषक गौरव कुमार एवं कुलदीप कुमार ने भी अपने विचार रखे। संचालन डॉ नीतू कुमारी ने किया।

योजना के नोडल ऑफिसर डॉ बीके झा ने कहा कि किसानों की लागत एवं आमदनी का आकलन तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से भारत सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा संचालित इस आधी सदी प्राचीन योजना के 19 केंद्र देश में चल रहे हैं।

## बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट को मिला परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलाम संपत्ति पर अधिकार

- हाईकोर्ट ने प्रोपर्टी अटैच करने संबंधी एसडीओ के आदेश को किया निरस्त
- एसडीओ ने प्रोसिडिंग चलाकर उस संपत्ति को किया था अटैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलामी में खरीदी गयी संपत्ति का पोजेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिए जाने के विरोध में दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट की याचिका को स्वीकृत कर लिया। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलामी में खरीदी गई संपत्ति का पोजेशन अब पूरी तरह बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट को मिल गया है। हाई कोर्ट ने उस संपत्ति को अटैच करने संबंधी एसडीओ के आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति को बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने नीलामी में दिसंबर 2023 में करीब 60 करोड़ में खरीदा था। इस वर्ष जनवरी माह में उसे सेल सर्टिफिकेट भी मिल गया था और संपत्ति का पोजेशन भी बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट को हैंडओवर कर दिया गया था। लेकिन परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के कर्मी द्वारा एसडीओ के समक्ष सीआरपीसी 145 के तहत प्रोसिडिंग चलाया गया, इसके बाद सीआरपीसी की धारा 146 के तहत उस संपत्ति को अटैच कर लिया गया तथा आदेश दिया गया कि जब तक सक्षम कोर्ट द्वारा यह डिसाइड नहीं किया जाता कि यह संपत्ति किसकी है तब-तक के लिए इसे अटैच किया जाता है और सीओ इसका ध्यान रखेंगे, उन्हें संपत्ति का रिसीवर नियुक्त किया गया था। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने ने इसे चुनौती देते हुए कहा था कि उन्हें रिकवरी अधिकारी के समक्ष उसे संपत्ति का पोजेशन हैंड ओवर कर दिया गया था इसलिए इसे चैलेंज नहीं किया जा सकता है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पक्ष रखा।

### सेना भर्ती रैली के छठे दिन 1035 युवाओं ने अग्निवीर जीडी के लिए दिखाया दम

**रांची।** सेना भर्ती रैली के छठे दिन गुरुवार को राज्य के 1035 युवाओं ने अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए अपना दम दिखाया। राज्य के तीन जिला गिरिडीह, खूंटी व साहिबगंज के युवा गुरुवार को पूरे जोश के साथ सेना भर्ती रैली में शामिल हुए। रांची के सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने आने वाले दिनों में बहाली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से कहा, वे रैली स्थल पर आने से पहले एडमिट कार्ड व रैली नोटिफिकेशन में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और निर्धारित दिन ही रैली स्थल पर रिपोर्ट करें। अभ्यर्थी अपने जरूरी दस्तावेजों को रैली स्थल पर साथ लेकर आएं, जैसे योग्यता अनुसार मार्कशीट, बोर्ड प्रमाण पत्र, स्थाई निवासी प्रमाण पत्र, सरपं व पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता संख्या, जाति प्रमाण पत्र, एफिडेविट आदि। इससे शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने के बाद अभ्यर्थियों को किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। शुक्रवार को अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए राज्य के पलामू व देवघर के अभ्यर्थी सेना बहाली में अपना दम दिखाएंगे।

## अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विजय खोवाल बने

- अग्रवाल सभा के सत्र- 2024-26 के लिए पदाधिकारियों चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों एवं मनोनीत सदस्यों की बैठक चुनाव पदाधिकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक में अग्रवाल सभा के सत्र- 2024-26 हेतु पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अग्रवाल सभा के अध्यक्ष- प्रमोद कुमार अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष- सज्जन पाड़िया, उपाध्यक्ष- कौशल राजगढ़िया, मंत्री- अनिल अग्रवाल, उपमंत्री निर्मल बुधिया एवं रामाशंकर बगड़िया, कोषाध्यक्ष- विजय कुमार खोवाल, आंतरिक अंकेक्षक- विकास अग्रवाल, सीईओ- मनोज चौधरी चुने गए। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति में 6 मनोनीत सदस्यों कमल कुमार केडिया, रमेश खेमका, अनिल कुमार अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मंजू केडिया, विनीता सिंघानिया, का चयन किया गया। बैठक में विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, राजेंद्र केडिया, प्रमोद कुमार अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, अनिल अग्रवाल, कमल खेतावत, कौशल राजगढ़िया, निर्मल बुधिया, अजय डीडवानिया, अनिल कुमार अग्रवाल, सुनील केडिया, संजय सर्राफ, कमल कुमार खेतावत, आनंद जालान, विजय खोवाल, नरेश बंका, प्रमोद बगड़िया, विनोद कुमार टिबडेवाल, रमेश खेमका, राजकुमार मित्तल, अजय खेतान, रामाशंकर बगड़िया, मुकेश जाजोदिया, जितेश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, मनीष टांटिया, सुनील पोद्दार, सुरेश कुमार चौधरी, विकास अग्रवाल, विशाल पाड़िया, मनोज कुमार ढांढनिया, मीना अग्रवाल, विनीता सिंघानिया, मंजू केडिया आदि उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

- अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया
- 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई

## 2019 से अब तक 10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला।

यही नहीं, सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई। जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण के लिये दी गई। वहीं, 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी



ग्रामीण महिलायें और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3816 गांव में 3900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। इसके तहत राज्य के करीब 2०25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिये भी राज्य के 3.0 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधिय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलायें

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में दो तिहाई पद खाली रहेंगे तो राज्य के लोगों को कैसे मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग में दो तिहाई पद रिक्त रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं में स्वीकृत पद के विरुद्ध दो तिहाई पद खाली है, ऐसे में तो झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं कैसे बेहतर होगी? प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, जिला अस्पतालों में ना तो मेडिकल इक्विपमेंट है और न हीं उसको चलाने वाले तकनीकी कर्मी। केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भेजे गए 256 करोड़ सरेंडर कर दिए गए। सभी जिलों में मेडिकल सुविधा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से तीन-चार माह पूर्व एक-एक करोड़ रुपए दिए गए हैं लेकिन उसका क्या हुआ वह पता नहीं चल सका है। जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और जिला अस्पतालों के भवनों के मरम्मती और आधारभूत संरचना दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार ने 112 करोड़ दिए गए हैं, लेकिन स्थितियां वही की वही हैं। नतीजा झारखंड में मशरूम की तरह उग आए निजी अस्पताल और क्लिनिक झारखंड की गरीब जनता का शोषण कर रहे हैं। राज्य सरकार को झारखंड में मेडिकल सुविधा बेहतर बनाने के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है, स्वीकृत पद के विरुद्ध जितनी भी रिक्तियां हैं उसे अविलंब भरना भी जरूरी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को झारखंड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने, मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने, रिक्तियों को भरने आदि के संबंध में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। गुरुवार को झारखंड में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार के जवाब पर कोर्ट ने असंतुष्टि जताई। कहा कि झारखंड वेलफेयर स्टेट है, यहां की गरीब जनता स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेले यह उचित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ सब सेंटर, कम्युनिटीज हेल्थ सेंटर आदि को बेहतर किया जाना जरूरी है। अभी बरसात का समय है सर्पदंश की दवा झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाका में रहे, यह सरकार सुनिश्चित करे।

**केंद्र से भेजी गई राशि सरेंडर हो जा रही है, जो चिंता का विषय है**

# मनु का जुनून

**म**नु भाकर ने पिछली असफलता को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का जो जुनून दिखाया वह हर खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिये भी प्रेरणादायक है। दरअसल, वर्ष 2021 के टोक्यो ओलंपिक के दुःस्वप्न से मिली असफलता के चलते एक समय ऐसा भी आया कि मनु का मन शूटिंग से खिन्न होने लगा। वहीं मनु का कैरियर संवारने के लिये अपना मरीन इंजीनियर का कैरियर छोड़ने वाले पिता रामकिशन भाकर ने बेटी के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्हें विश्वास था कि वर्ष 2018 में महिला विश्व कप में एक ही दिन में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली मनु में खेल की अपार संभावनाएं छिपी हैं। तब उसने दो बार की विश्व विजेता मैक्सिको की खिलाड़ी को हराया था। इसी प्रदर्शन के बूते मनु ने टोक्यो ओलंपिक में जगह बनायी थी। टोक्यो ओलंपिक में नाकामी के बाद कोच जसपाल राणा से हुआ विवाद अब अतीत का किस्सा है। भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करने वाली मनु ने कालांतर सोच बदली। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। आर्थिक सहायता से मनपसंद का कोच रखना संभव हुआ। प्रशिक्षण के लिये जर्मनी व स्विट्जरलैंड भेजा गया। एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की उम्मीदों पर मनु फिर खरी उतरी और देश केलिए दो पदक अर्जित किये। विश्वास करें कि देश की तमाम महिला खिलाड़ियों को मनु की इस सफलता से संबल मिलेगा। आज भी पदकों की तालिका में देश बहुत नीचे है यह याद रखना होगा।

# शब्दों की परिपाटी

**स**दन के भीतर हमारे प्रतिनिधि जो कहते हैं जिस तरह की शब्दावली काम में लेते हैं, उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। यह पीठासीन अधिकारी के विवेक पर निर्भर करता है कि वह किस शब्द को असंसदीय माने और उसे सदन की कार्रवाई से हटाने का निर्णय ले। असंसदीय मानी जाने वाली शब्दावली भी पीठासीन अधिकारी के विवेक का ही परिणाम होती है। इस संदर्भ में अक्सर विवाद होता है। अक्सर सांसद या विधायक अपने कहे को अनुचित मानने को लेकर आपत्ति करते हैं। जुमलाजीवी या बालबुद्धि या विनाश पुरुष जैसे शब्दों पर प्रतिबंध को लेकर भी विवाद सामने आये हैं। अक्सर विपक्ष के सदस्यों की शिकायत यह रहती है कि शब्दों को असंसदीय घोषित करके बोलने के उनके अधिकार का हनन किया जाता है, एक तरह से उनका गला घोंटा जाता है। संसद के चालू सत्र के दौरान भी ऐसी बात कही गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि ह्यसरकार की वास्तविकता को उजागर करने वाले शब्दों को संसद की कार्रवाई से हटा दिया गया है ॥ लेकिन लोकसभा के स्पीकर का मानना है कि शब्दों पर प्रतिबंध लगाना और शब्दों को कार्रवाई से हटाने में अंतर होता है– कोई भी सरकार संसद में बोले जाने वाले शब्दों पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती। तकनीकी दृष्टि से देखा जाये तो स्पीकर का कहना सही लगता है। लेकिन सदस्य द्वारा बोले गये किसी शब्द को सदन की कार्रवाई से हटाए जाने का मतलब प्रतिबंध से कम भी नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष का एक-दूसरे के व्यवहार को अनुचित ठहराना स्वाभाविक माना जा सकता है, पर जब विपक्ष को यह लगता है कि वह सारे शब्द कार्रवाई के विवरण से हटा दिये गये हैं जो सरकार की वास्तविकता को सामने लाते हैं तो असंसदीय शब्दों को हटाने की परिपाटी पर सवाल तो उठता है।

# जलवायु न्याय से संचालित हो जलवायु से जुड़ें कदम

**न**दी के किनारे स्थित किसी गांव के बारे में सोचिए जिसे अधिकारियों ने बताया हो कि वहां कुछ दिनों में बाढ़ आ सकती है। आप गांववासियों से क्या कदम उठाने की आशा करेंगे? किसी भी पारंपरिक समाज में लोग साथ मिलकर अपने बचाव की कोशिश करेंगे और ज्यादा संकटग्रस्त लोगों को बचाएंगे। उच्चाधिकारी भी हो सकते हैं जो चेतावनी दें और प्रासंगिक होने पर उन लोगों की पहचान करें जिनके कारण यह खतरा उत्पन्न हुआ। जरूरत पड? पर बाढ़ के प्रबंधन में उनकी सहायता लें।

क्या जलवायु परिवर्तन को लेकर ऐसी वैश्विक प्रतिक्रिया हो रही है? करीब 30 वर्ष पहले 200 या उससे अधिक देशों ने मिलकर ऐसे वैश्विक गांव की स्थापना की थी और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दो प्रणालियां विकसित की थीं-जलवायु परिवर्तन से जुड़े तथ्यों और पूवार्नुमानों को लेकर सहमति बनाने के लिए एक वैज्ञानिक संस्था यानी जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल (आईपीसीसी) तथा विभिन्न देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्या करना चाहिए इसके लिए यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) की स्थापना की गई।

इनमें से पहले की बात करें तो कह सकते हैं कि आईपीसीसी ने अब तक पांच आकलन पेश किए हैं। छठे आकलन के जो शुरूआती संकेत हैं उन्होंने तथ्यों और पूवार्नुमानों पर वैज्ञानिक सहमति को मजबूत किया है। तापमान के पूवार्नुमानों की विश्वसनीयता पर संदेह तथा जलवायु पर मानव विकास के प्रभाव अब बहुत सीमित हैं। ये अब प्रायः उन लोगों तक सीमित हैं जिनके वाणिज्यिक हित जीवाश्म ईंधन से जुड़े हुए हैं। आईपीसीसी की रिपोर्ट तथा तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के कारण बढ़ते विपरीत प्रभावों ने निश्चित रूप से वैज्ञानिक दायरे में जागरूकता बढ़ाई है लेकिन इसने उन लोगों में भी चेतना बढ़ी है जिनके वाणिज्यिक हित जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से प्रभावित हो रहे हैं।

क्या इस बढ़ती जागरूकता और तथ्यों तथा पूवार्नुमानों को लेकर बढ़ती सहमति के कारण ऐसी आपात भावना पैदा हुई है जो इतनी मजबूत है कि आपातकालीन कदमों की प्रेरणा बन सके? कई बार जलवायु





-नितिन देसाई

> इस बात पर भी कोई सहमति नहीं है कि जवाबदेही शब्द को अभियोज्यता के रूप में समझा जाए या कर्तव्य के रूप में। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहींकिया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए।

परिवर्तन संबंधी बैठकों के बाद अल्प समय के लिए ऐसा लगता है। लेकिन हकीकत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी के घातक परिणाम भविष्य में बहुत बाद में घटित होने वाले हैं और यही वजह है कि वे सही मायनों में न तो लोकतांत्रिक देशों और न ही तानाशाही वाले देशों में निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित कर पा रहे हैं। तत्काल कदम उठाने की भावना की अनुपस्थिति को इस बात में महसूस किया जा सकता है कि विशुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य दशकों पहले तय कर लिए गए हैं लेकिन उस दिशा में अब तक के कदम संतोषजनक नहीं हैं। संयुक्त जवाबदेही की बात करें तो वह साझा किंतु अलग-अलग जवाबदेही की प्रतिबद्धता में नजर आता है जो जलवायु संधि में निहित है। दिक्कत यह है कि जलवायु न्याय का सिद्धांत जिसके जरिये इसे संचालित होना था, उसका कभी उल्लेख नहीं किया गया। इस बात पर भी कोई सहमति नहीं है कि जवाबदेही शब्द को अभियोज्यता के रूप में समझा जाए या कर्तव्य के रूप में। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहींकिया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए। क्षमता के आधार पर अंतर अब अमीर देशों में भी व्यापक रूप से स्वीकार्य है। जब तक इस मसले को हल नहीं किया जाता है तब तक विभिन्न देश अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हटते रहेंगे। चौथा तत्त्व जो वैश्विक जलवायु प्रतिक्रिया प्रक्रिया से पूरी तरह नदारद है, वह है कि जवाबदेही और क्षमता के आधार पर अलग-अलग कदमों का प्रवर्तन करने की क्षमता। हमें ग्रीनहाउस गैसों के ऐतिहासिक उत्सर्जन के लिए अधिक जवाबदेह देशों की ओर से जवाबदेही की स्वैच्छिक स्वीकार्यता पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इसमें शामिल लागत के लिहाज से देखें तो यह राजनीतिक दृष्टि से बहुत उपयुक्त नहीं है और अगर कुछ पश्चिमी राजनेता इसके लिए प्रयास करते हैं तो इससे ट्रंप जैसे नेताओं का उभार होता है जो वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को लेकर और अधिक दुराग्रही हैं।

जलवायु न्याय पर सहमत के अभाव तथा देश की सीमाओं से परे एक प्राधिकार की अनुपस्थिति के कारण बातचीत की प्रक्रिया संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से संचालित होती है। नतीजा यह कि वार्ता के निष्कर्ष इस बात से आकार लेते हैं कि मौजूदा और भविष्य के उत्सर्जन को देखते हुए किसी देश की भागीदारी कितनी महत्त्वपूर्ण है।

अतीत अब इतिहास हो चुका है और इस प्रक्रिया में उसकी पूरी तरह अनदेखी कर दी गई। इससे जलवायु वाताओं में तीन हिस्सों का शक्तिसंबंधी ढांचा निर्मित हो गया। पहले हिस्से में दो बड़े उत्सर्जक चीन और अमेरिका शामिल हैं जिनकी भागीदारी प्रभावी समझौते की पूर्व शर्त है। अमेरिका और चीन ने 2015 में पेरिस वार्ता और 2021 में ग्लासगो वार्ता के समय आपस में अलग से समझौता किया है जो स्पष्ट करता है कि इनका एक अलग पहलू है। दूसरे हिस्से में 18-20 देश हैं जिनमें से प्रत्येक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में एक फीसदी या अधिक के लिए उत्तरदायी है। यह मात्रा काफी अधिक है लेकिन व्यक्तिगत रूप से इनके पास वह वीटो अधिकार नहीं है जो अमेरिका और चीन के पास है।

तीसरे हिस्से में करीब 180 देश हैं जो बड़े देशों द्वारा तय बातें मानने को विवश हैं। धरती की जलवायु सभी जीवों के लिए समान है इसलिए इसके संकट से निपटना भी हमारी साझा जवाबदेही है। साझा जवाबदेही की भावना तब तक नहीं आ सकती है जब तक कि इस बात पर सहमति न हो कि जलवायु न्याय के सिद्धांत क्या होंगे और हर देश का व्यक्तिगत कर्तव्य क्या होगा। इसके अभाव में हमें छोटे मोटे सुधार ही देखने को मिल सकते हैं।

## खास बात

### बात भाषा की

न्यूज चैनलों की दुनिया में सबसे तेज होने का दावा करने वाले चैनल पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने अमेरिका में डेमोक्रेट्स नेताओं की ओर से डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा और भारत में कांग्रेस नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के लिए इस्तेमाल की गई भाषा के बीच समानताएं बताईं और एक गंभीर आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता और खासकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं।

अमित मालवीय ने ऑन एयर यह भी कहा कि 'इससे पहले कि कांग्रेस यह दावा करे कि उनके नेताओं की हत्या हुई, मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उनकी हत्या उनके राजनीतिक फैसलों के कारण हुई।' हैरानी की बात यह है कि यह बात केवल उस कार्यक्रम तक सीमित नहीं रही, बल्कि जो एंकर इस कार्यक्रम को संचालित कर रहा था, उसने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर इस बयान को जस का तस पोस्ट करके बताया कि अमित मालवीय ने ऐसा कहा है। इस बात के दो ही अर्थ हो सकते हैं, पहला तो यह कि हाथी की खिचड़ी खाकर मगन होने वाले इस तथाकथित एंकर-पत्रकार को भारत की लोकतांत्रिक विरासत और शहादत की शून्य समझ है, तभी उसने भाजपा नेता के बयान को कार्यक्रम के बाद सोशल मीडिया के जरिए प्रचारित किया। दूसरा अर्थ यह है कि एंकर समेत पूरा चैनल भाजपा के कांग्रेस विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए औजार की तरह इस्तेमाल हो रहा है। अब यह कांग्रेस के सोचने का विषय है कि वह अपने प्रवक्ताओं को इस चैनल पर बैठने की अनुमित दे या न दे, क्योंकि चैनल ने तो अपना पक्ष जाहिर कर ही दिया है।

वैसे इस चैनल पर चुनाव के वक्त प्रियंका गांधी का साक्षात्कार भी प्रसारित हुआ था और इसकी मालिक के साथ उनकी तस्वीरें भी सामने आईं। प्रियंका गांधी के साक्षात्कार से चैनल को टीआरपी मिली होगी, लेकिन कांग्रेस को आखिर में क्या मिल रहा है, इस पर आत्ममंथन अगर कांग्रेस करे और यह समझे कि सियासी मकड़जाल में फंस चुके मीडिया में अपना बचाव वह किस तरह करे।

ये जो बिखरे हैं  
शॉल बनके  
हर शाने-शाने,  
इन्हीं धागों ने बुने हैं मेरे ताने-बाने!  
**– कुमार विश्वास, कवि**

## रोचक ट्वीट

साहेबगंज माँ गंगा से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उरातना आसान नहीं है. इसकी प्रक्रिया भारत सरकार से लेकर देश के बड़े व्यापारी अडानी से होकर गुजरती है. वह इसे मामले को व्यक्तिगत तौर पर देखेंगे.  
**– हेमंत सोरेन, सीएम**





अपने घोषणापत्र के वादे अनुसार तेलंगाना सरकार ने कृषि कर्ज. माफी की दूसरी किस्त जारी कर दी है। 'प्रजालु कांग्रेस सरकार' प्रदेश के 6.4 लाख किसान परिवारों के 1.5 लाख तक का कर्ज. माफ कर उन्हें राहत पहुंचा रही है।  
**–राहुल गांधी**

# प्रकाश की ओर

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** जी ने कहा मुझे जीवन में कुछ नहीं चाहिए। मगर थोड़ा भी आपका काम कर सकूं तो मेरा जीवन धन्य है। यही मैं सोचती हूं। ठीक वही हुआ जो मुनि अगस्त्य ने बताया था। इन लोगों की शिविर लगने के बाद शूर्पणखा सुंदर स्त्री का वेश बनाकर एक दिन आ गयी। आते ही राम के पास जाकर उसने कहा आपकी सुंदरता देखकर लगता है कि प्रकृति ने आपका किस प्रकार निमार्ण किया और मेरा भी निमार्ण प्रकृति ने आपके लिये किया है। आपकी तरह पुरुष है न मेरी तरह स्त्री। अतः आप मेरा वरण करें। मैं आपको पति स्वीकार करना चाहती हूं। रामजी ने कहा कि मेरी शादी हो चुकी हैमेरी पत्नी हैं। वह मेरा भाई है और वहां चले जाओ। जब शूर्पणखा वहां गयी तो लक्ष्मण जी ने कहा कि तुम राम के पास ही जाओ। वे मालिक हैं तो एक नहीं दो चार पत्नियां रख सकते हैं। मैं तो दास हूं मुझे पत्नी रखने का हक कहा है। मैं तो सेवा में आया हूं इसलिये वहीं जाओ वे रख सकते हैं। बार-बार जब उसने यही आग्रह किया तो लक्ष्मण जी ने उसके नाक-कान काट लिये। वह नाक-कान से रहित होकर भयंकर रूप से धारण कर भागी और खर-दूषण को जाकर कही कि अयोध्या के दो राजकुमार आये हैं उनके साथ एक स्त्री है उन्होंने ही मुझे इस प्रकार कुरुप बना दिया है। सुनते ही खर-भूषणक्रोध में आकर पूरी सेना लेकर चल दिया। रास्ते में धूल गर्दा उड़ते देखकर राम ने कहा लक्ष्मण निशाचरों की सेना आ रही है, आप गुफा में सीता को ले जाए।  
(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉटूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### भ्रम की स्थिति

**आखिर** क्या वजह है कि कृषि जगत में सुधार के दावे के साथ जारी अध्यादेशों के विरोध में देश भर के किसान सड़क पर उतर आए और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं! राष्ट्रीय किसान महासंघ ने इस मसले पर दिल्ली में प्रदर्शन किया और कहा कि ये अध्यादेश वास्तव में किसान विरोधी हैं आखिर बदलाव किसान के हित में है तो यह भ्रम की स्थिति क्यों?  
**– अमित, गढ़वा**

### बढ़ती महंगाई

**खाद्य** वस्तुओं में खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में जिस तेजी से बढ़ोतरी शुरू हुई, वह अप्रत्याशित है। हरी सब्जियों की कीमतें बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर हो रही हैं और जो आलू लोगों की थाली का सहारा रहा है, वह भी अब बेलगाम होता जा रहा है। ताजा आंकड़ों में आलू की कीमतों में करीब तिरासी फीसद बढ़ोतरी हुई है।  
**– विवेक, हजारीबाग**

# हादसे के शिकार होते कोचिंग केंद्र

**गिरीश्वर मिश्र**

भारत एक महान देश है जिसके पास अतीत की बड़ी थाती है । हम सभी नागरिक देशभक्त हैं और भारतीय होने पर गर्व भी करते हैं । यह महान देश निकट भविष्य में 'विश्व-गुरु' बनने की उत्कट इच्छा पाले हुए है । इसके साथ ही भारत को 'विकसित देश' और तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति का दावा भी कर रहा है। इसे बनाने के लिए सभी कटिबद्ध भी हैं । इस दृष्टि से युवा वर्ग की खास भूमिका और दायित्व है । आज देश में सामाजिक और भौतिक विविधताएं तो हैं ही आर्थिक विषमता भी बहुत ज्यादा है। हर युवा ऊंची से ऊंची उड़ान भरने के लिए स्वाभाविक रूप से आतुर रहता है । इस हलचल भरे माहौल में युवा वर्ग अपने भविष्य को संवारने के लिए घर-बार छोड़ कर अपना भविष्य संवारने हेतु कोचिंग में पढ़ाई करने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं । उनके अभिभावक रुपया-पैसा जुटा कर अपने बच्चों को कोचिंग के साथ परीक्षा की तैयारी में आर्थिक मदद करते हैं ।

आशाओं और आकांक्षाओं की उठापटक के बीच ये युवा कठिन परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं । वे अपने सपनों को साकार करने के लिए धैर्यपूर्वक और लगन के साथ कोशिश करते हैं । अब औपचारिक डिग्री की गुणवत्ता पिटने के फलस्वरूप हर काम के लिए, यहां तक कि अगली कक्षा में प्रवेश या फैलोशिप के लिए भी कोई न कोई परीक्षा देना अनिवार्य हो चुका है । खस्ताहाल हो रहे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की

## सामयिक

पढ़ाई अपर्याप्त होती है। ऐसे में यदि कोचिंग केंद्रों की झड़ी लग रही है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं । पर इस बेहद लोकप्रिय और नफे वाले शानदार व्यापार के विस्तार के साथ इसके सुचारु संचालन लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का घोर अभाव भी होता है । वस्तुतः व्यावसायिक कोचिंग का विशाल धंधा शिक्षा की घोर दुरवस्था की स्थिति का बयान करता है ।

पिछले कुछ वर्षों में कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं ।अब दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमैंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस ( सिविल सर्विस ) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई । अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवादास्पद ही रहेगा । यह अमानवीय दर्दनाक हादसा एक गैरकानूनी ढंग से बिना अनुमति के चलने वाली कोचिग केंद्र की निजी व्यवस्था के तहत हुआ ।

जब भी गम्भीर घटना होती है जनता की आवाज उठती है और 'जांच कमेटी बैठेगी', 'सख्त कार्रवाई होगी', 'कानून अपना काम करेगा' और 'दोषी को बख्शा नहीं जायेगा' कहते हुए सरकार जगती है। उसकी ओर से प्रतिक्रिया का यह चिरपरिचित सधा-सधाया 'स्टैण्डर्ड' तरीका हो चुका है। कभी-कभी उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय जरूर अपनी आंख खुद खोल कर खास मामले का संज्ञान ले कर कार्रवाई करता है । मानव अधिकार आयोग भी कुछ ऐसा करता है । पर यह सब बड़े दुर्लभ प्रकरण में ही होता है जिसका निश्चय न्यायमूर्ति के नजरिए से होता है । प्रायः घटनाओं को और उनके आशय को अपनी मौत मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। समय बीतने के साथ लोग भूल जाते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। राजनीति और राजनेता भी बदल जाते हैं। हम अकसर वहीं खड़े रहते हैं जहां पहले खड़े थे। यथास्थितिवाद हमें और हमारे प्रिय नेताओं की बड़ी पसंदीदा तकनीक है।

# सांस्कृतिक मूल्यों के सहारे भी हो सकता है विकास

**प्रल्हाद सबनानी**

## संस्कृति

**भारत** की जो सांस्कृतिक विविधता एवं सम्पन्नता है उसको सबसे आगे लाकर हम भारत को एक सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। यह हमारा उद्देश्य एवं आकांक्षा होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में मुख्य रूप से शामिल किया जा सकता है- संगीत, नृत्य, फाइन-आर्ट्स, खाद्य संस्कृति, सिनेमा, सांस्कृतिक पर्यटन (जिसमें हेरिटेज, साइट्स, म्यूजीयम आदि शामिल है) एवं धार्मिक पर्यटन, आदि।

विश्व के कई देश अपनी संस्कृति की अर्थव्यवस्था का आँकलन कर चुके हैं और लगातार इस ओर अपना पूरा ध्यान दे रहे हैं। भारत में अभी इस क्षेत्र में ज्यादा काम नहीं हुआ है क्योंकि हमारी विरासत बहुत बड़ी है एवं बहुत बड़े क्षेत्र में फैली हुई है। दुनिया भर में इसे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग का नाम दिया गया है। दुनिया भर में अलग-अलग देशों में इस उद्योग को आंकने के पैमाने उपलब्ध हैं। परंतु, भारत में अभी तक इस क्षेत्र में कुछ ज्यादा काम नहीं हुआ है। यूनेस्को के एक आकलन के अनुसार, विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत हिस्सा उउक से आता है। अमेरिका जैसे देशों की जीडीपी में तो उउक का योगदान बहुत अधिक है। एक आंकलन के अनुसार, दुनिया भर में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग एशिया पेसिफि क, उत्तरी अमेरिका, यूरोप एवं भारत में विकसित अवस्था में पाया गया है। इस उद्योग में विश्व की एक प्रतिशत आबादी को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। भारत में चूंकि इसके आर्थिक पहलू का मूल्यांकन नहीं किया जा सका है अतः देश में इस उद्योग में उपलब्ध रोजगार एवं देश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान सम्बंधी पुख़्ता आंकड़ें उपलब्ध नहीं हैं। भारत में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग का आकार आंकने के लिए यदि हम चाहें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरे देशों के अपनाये जा रहे पैरामीटर का उपयोग करें। इन पैरामीटर में हमारे देश की परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन या संशोधन कर इन्हें उपयोग कर सकते हैं, ताकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था में इस उद्योग के योगदान को मूर्त रूप में आंका जा सके एवं इसके योगदान को और कैसे बढ़ाया जा सकता है इस सम्बंध में नीतियां बनाई जा सकें।

संस्कृति की अर्थव्यवस्था को दो भागों में बांटा जा सकता है। एक अमूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था, जिसमें सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के विभिन्न घटकों का ज्ञान शामिल है, जिसका आंकड़ों में मूल्यांकन करना बहुत मुश्किल है एवं दूसरे मूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था, जिसे आंका जाना आसान है, ऊपर आंकड़ों के माध्यम से जितनी भी जानकारी दी गई है, वह मूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का ही हिस्सा है। अभी हाल ही में दुनिया भर के देशों में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र में एक अनुसंधान जारी है। इस अनुसंधान के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि दुनिया के विभिन्न देशों में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग से कितना निर्यात किया जाता है तथा निर्यात की दृष्टि से कौन-कौन से देश अग्रणी देशों की श्रेणी में हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों की प्रोफाइल भी बनाई जा रही है। भारत से भी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र से निर्यात होता है, इसमें शामिल हैं, क्राफ़्ट, संगीत, सिनेमा, एनिमेशन, फैशन, योगा आदि।

एनिमेशन उद्योग तो भारत में काफी फल फूल रहा है एवं तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**संस्कृति की अर्थव्यवस्था के विकास हेतु सुझाव**

संस्कृति की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए सबसे पहिले तो देश में एक निर्देशिका बनायी जानी चाहिए। देश में किस-किस प्रकार की आट्र्स उपलब्ध है, कहाँ-कहाँ उपलब्ध है, किस-किस के पास उपलब्ध है, यह सारी जानकारी सूचीबद्ध की जानी चाहिए। सूचीबद्ध करने के बाद, इस कला को विकसित करने एवं इसका वैज्ञानिक तरीके से प्रस्तुतीकरण करने के लिए सम्बंधित कलाकार के कौशल विकास की जरूरत होगी। हमारे देश में ऐसी कई कलाएँ हैं जो वैसे तो कई सदियों से चली आ रही हैं परंतु अब अदृश्य होती जा रहीं हैं, इन लुप्त हो रही कलाओं को पुनर्जीवित भी किया जाना चाहिए। अतः इस प्रकार की कलाओं की भी सूची बनाई जानी चाहिए।

# हिंदू धर्म का पहला कर्तव्य रक्षा करना : श्रद्धानंद सिंह

## संघ से जुड़े समाजसेवी यज्ञ में हुये शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** संघ से जुड़े सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने गुरूवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का तुफानी दौरा किया। क्षेत्र के सुदूरवर्ती आराभूसाई पंचायत आराभूसाई चौक पर प्राचीन देवी मंडप प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 देवी मंडप यज्ञ के समापन के अवसर पर शामिल हुए और देवी मंडप के पिंड में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना देवी मां से किया। 26 जुलाई से यज्ञ का शुरूआत हुआ और कथा-प्रवचन, भंडारा, जागरण सहित कई धार्मिक अनुष्ठान के साथ 01 अगस्त को हवन संग पूर्णाहुति हुआ। यहां पहुंचने पर मुखिया आदित्य दांगी सहित यज्ञ समिति के लोगों और संपूर्ण ग्रामीण महिला- पुरुषों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया ।

श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि हिन्दू धर्म का पहला कर्तव्य रक्षा करना।



श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि सनातन वैदिक धर्म है और विपरीत परिस्थिति में भी सनातन धर्म की रक्षा के लिए कइयों ने अपनी बलिदानी दे दी और धर्म की मयार्दा को बरकरार रखने में हमारी माता बहनों का विशेष योगदान है। ग्रामीण क्षेत्र में देवी मंडप और घर आंगन में तुलसी पिंडा स्थापित कर अपने धर्म और संस्कृति को जीवंत रखा। बीते दिनों आराभुसाई पंचायत के ग्राम डोडवा निवासी वनवासी कल्याण केन्द्र से जुड़े संदीप मुंडा के बड़े भाई मोची राय मुंडा का आकास्मिक निधन विषधर सर्पदंश से होने की सूचना पर उनके शोकाकुल परिवारजनों से मिलने उनके घर श्रद्धानंद सिंह पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी प्राप्त करने के साथ मृतक व्यक्ति के पुत्र, पत्नी सहित अन्य परिजनों से मिलकर हरसंभव सहयोग का भरोसा जताया और सभी का हिम्मत बढ़ाया। यहां से ग्राम पंचायत डाटो खुर्द पहुंचे। यहां बुधवार को ही चंदन रवानी का महज 30 साल की अल्पायु में ही हठकोना घाटी के समक्ष अपने बच्चे का इलाज कराकर हजारीबाग से लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। यहां पहुंचकर श्रद्धानंद सिंह ने मृतक का अंतिम दर्शन कर नमन किया और उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर इस विकट दुःख पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार का बेटा/ भाई बनकर हरसंभव मदद का भरोसा जताया । मौके पर कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव,हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, आराभूसाई पंचायत के मुखिया आदित्य दांगी, महामंत्री अरविंद यादव,ओबीसी मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र यादव, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### रिचीबंधा में फुटबॉल टूर्नामेंट 10 से



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो की बैठक गुरुवार को बलकुदरा रिचीबंधा में हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालन पंचायत सचिव सनी मुंडा ने किया। युवा मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि इस वर्ष भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम बलकुदरा के नया टोला रिचीबंधा फुटबॉल ग्राउंड में 10 अगस्त को छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू होगा। फाइनल मैच स्वतंत्रता दिवस पर खेला जाएगा। मैच में झारखंड के विभिन्न जिलों के पुरुष के 16 और महिलाओं की 8 टीम भाग लेगी। बैठक में नरेश मुंडा, रवि महली, अशोक यादव, पंकज मुंडा,,सोहिल मुंडा आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा को प्रखंड बनाने की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधानसभा मानसून सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड के कुछ पंचायत को काटकर भुरकुंडा को प्रखंड बनाने की मांग सदन में रखी है। विधायक ने इस दौरान अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड काफी बड़ा प्रखंड है। जिसमें कुल 42 पंचायत है और प्रखंड का क्षेत्र शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक विस्तारित है जिसमें अति सुदूरवर्ती कई गांव शामिल हैं। इसीलिए पतरातू प्रखंड के पंचायतों को काटकर भुरकुंडा को प्रखंड बनाया जाए।

### कांवड़ियों का जत्था देवघर रवाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर, लादी, मतकमा, देवरिया और भुरकुंडा से कांवड़ियों का जत्था गुरुवार को बाबानगरी देवघर के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व शिव भक्तों ने नजदीकी मंदिर और शिवालयों में पूजा अर्चना कर परिवार और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। बोल बम रवाना होने वाले शिव भक्तों में उमेश कुमार, सनोज यादव, मनोज कुमार, मनीष कुमार, आनंद कुमार, भोला कुशवाहा, नागेंद्र कुमार, नितेश कुमार, विशाल कुमार, विकास कुमार, पवन कुमार, घनश्याम महतो, सोनू महतो, राहुल राम सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल थे।

### बुढ़ाखाप में लगा नया ट्रांसफार्मर



**कुजू।** नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने वार्ड नंबर 6 स्थित बुढ़ाखाप में 100 केबीए का ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन किया । उन्होंने बताया कि बीते दिनों बूढ़ा खाप में ट्रांसफार्मर जल गया था। इसके बाद बरसात को देखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर लगवाया। मौके पर रमेश कुमार महतो, सुनील कुमार, नरेश महतो, नारायण महतो, विनोद कुमार महतो, पुनित महतो, इन्द्रनाथ महतो, गोविंद महतो, झंडू महतो, गजाधर महतो,मुन्ना महतो आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने सीएम का पुतला फूंका




**रामगढ़।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गुरूवार शाम सुभाष चौक पर मुख्यमंत्री हेमत सोरेन का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद, तानाशाही नहीं चलेगी,रोजी-रोटी दे न सके वह सरकार निकम्मी है आदि का नारा लगाते हुए राज्य सरकार के विरूद्ध आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि भाजपा विधायकों को हेमन्त सोरेन के इशारे पर जिस तरह विधानसभा में बंधक बनाकर उनका उत्पीड़न किया गया वह झारखड सरकार के मनसूबे को जाहिर करता है। मौके पर डॉ संजय प्रसाद सिंह, इलारानी पाठक,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, आनद बेदिया,जिला महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी ,बसुध तिवारी, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, आशीष कांत सिंह आदि उपस्थित थे।

### पंचायत जनप्रतिनिधियों मिले राशि :अंबा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में पंचायतों में समुचित विकास के लिए समुचित राशि उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। विधायक ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पंचायत के विकास हेतु मुखिया पंचायत समिति सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों को मिलने वाली निधि से योजनाओं का क्रियान्वयन होता है। वहीं पंचायतों के विकास के लिए उक्त निधि पर्याप्त नहीं होने के कारण पंचायत के वार्ड सदस्य समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि अपने क्षेत्र का समुचित विकास नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण पंचायती व्यवस्था धरातल पर पूर्ण रूप से उतर नहीं पाई है। विधायक ने मांग की कि सरकार पंचायती राज कानून के प्रावधानों को धरातल पर शीघ्र पूर्ण रूप से उतारने और पंचायत प्रतिनिधियों को विकास के लिए समुचित राशि उपलब्ध कराया जाय।

### हल्की बारिश में रोड पर नाली का पानी



**रामगढ़।** गुरूवार दोपहर हुई हल्की बारिश के दौरान शहर के चट्टी बाजार में दिखा। जब बारिश के कारण नाली से होकर बहने वाला पानी एनएच 23 पर बहने लगा। जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इससे नाराज लोगों ने कहा की बरसात के मौसम में छावनी परिषद द्वारा नालियों की साफ सफाई नही करवाने की वजह से ऐसा हो रहा है। लोगों ने कहा कि यदि नालियों की साफ सफाई अच्छी तरह से की जाती तो हमलोगों को इस परेशानी का सामना नही करना पड़ता।

# ओवरलोडिंग बंद करें प्रशासन : एसोसिएशन

**कुजू।** मूरपा कुजू स्थित अक्षत बैंक्विट हॉल में गुरुवार को ट्रेलर हाईवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन, कोयलांचल रामगढ़ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सह संचालन वाहन मालिक मधु साव ने किया। वाहन मालिकों ने एक स्वर में स्थानीय फैक्ट्री संचालकों से ओवरलोड लोडिंग बंद करने की बात कही। साथ ही, किलोमीटर के हिसाब से भाड़ा तय करने का निर्णय लिया। वही वाहन मालिकों ने कहा कि ओवरलोडिंग के कारण वाहनों की स्थिति खराब हो जाती है। साथ ही, सड़क की स्थिति बद से बदतर होने की वजह से चालकों को कई दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। वाहन मालिकों ने जिला प्रशासन से ओवरलोडिंग बंद करने का अनुरोध किया। मालिकों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आज से भारी मालवाहकों में ओवरलोडिंग पकड़े जाने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर वाहन मालिको ने संगठन के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में संजय प्रसाद, उपाध्यक्ष बसंत प्रजापति, राजेश्वर प्रसाद, तालेश्वर प्रसाद, सचिव पारस महतो, सहसचिव शंकर प्रसाद, विनोद प्रसाद व कार्तिक मंडल, कोषाध्यक्ष नवीन प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संगठन मंत्री लखन प्रसाद, उप संगठन मंत्री रुदन प्रसाद, मुख्य संरक्षक मधु साव, दिलीप महतो और महेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार उर्फ रॉक समेत 11 कार्यकारिणी सदस्य शामिल है। मौके पर राजेश प्रसाद, शुभम साहू, करन साव, मुकेश प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेश साव, वीरेंद्र कुमार, हरेंद्र प्रसाद, पूरन गंझू, विशाल कुमार, जुगनू खान, विक्की चौहान, खुशी लाल महतो, देवेंद्र गिरी, प्रमोद कुमार, सतीश प्रसाद, लालदेव महतो, आफताब आलम, शाकिर अंसारी, राहुल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, प्रेम पटेल, रंजीत कुमार मेहता, विक्की कुमार, संजय प्रसाद मेहता, संतोष कुमार, प्रेम कुमार समेत कई वाहन मालिक शामिल थे।




## 25 जीएम लैंड की जमाबंदी रद्द से भू माफियाओं में हड़कंप



**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 25 जीएम लैंड की जमाबंदी को रद्द करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद भू माफियाओं में हड़कंप मच गई है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार के न्यायालय में हुई सुनवाई के आलोक में निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची ने 25 गैर मजरूआ भूमि की संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द करने के लिए सपुष्टि प्रदान किया। उपायुक्त चंदन कुमार ने मामले में शामिल पदाधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की है।

# प्लस टू उच्च विद्यालय झरोटेफ के अध्यक्ष बने मथुरा प्रसाद

## डॉ. सुनील यादव सचिव रविकांत ओम कोषाध्यक्ष

**बरही।** प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में झरोटेफ बरही प्रखंड कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम ने किया। बैठक मेंकिशोरी महतो जिला सचिव उपस्थित रहे। सभी विभागों के दर्जनों कर्मचारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति मथुरा प्रसाद को अध्यक्ष, डॉक्टर सुनील यादव को सचिव, रवि कांत ओम कोषाध्यक्ष, बमबम राम, कुमारी अमृता को संयुक्त सचिव, शिव कुमार राम, संजू कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही सुनील कुमार दिवेदी को प्रखंड संरक्षक बनाया गया। सभी पंचायतों से एक एक कार्यकारिणी सदस्य चयन किए गए। अध्यक्ष मथुरा प्रसाद ने कहा कि 2018 से राज्य के सभी संवर्ग के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे, जिसे हेमंत सोरेन की सरकार ने पूरी की लेकिन कर्मचारियों की अपनी कमाई की राशि एनएसडीएल में जमा है जिसे वापस लाने के लिए आगे लंबी लड़ाई लड़ी जानी है। सुनील यादव ने कर्मचारियों को अधिक से अधिक जागरूक होने की जरूरत पर बल दिया। कोषाध्यक्ष रवि कांत ओम ने कोष संग्रह पर जोर दिया। बैठक में किशोरी महतो, शिव कुमार राम, मथुरा प्रसाद, सुनील यादव, सुनील दिवेदी, सुभाष कुमार, रोशन कुमार, संजू कुमारी, पासवान, जितेंद्र रविदास, बसंत सिंह, बसंत नारायण, तेजनारायण प्रजापति, अर्जुन पंडित, विजय कुमार राम सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।



## ओपी जिंदल स्कूल में बाबूजी की जयंती पर सात को होगीं कई प्रतियोगितायें

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल विद्यालय ने संस्थापक एवं उद्योग जगत के पुरोधा ओमप्रकाश जिंदल (बाबूजी) की जयंती के अवसर पर इस साल भी भी विभिन्न अंतर्विद्यालयीन यथा, काव्य पाठ, चित्रकला, कहानी लेखन और वॉलीबॉल का प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। मालूम हो कि प्रतिवर्ष 7 अगस्त को विद्यालय अपना स्थापना दिवस मनाता है। इस संदर्भ में आमंत्रण तथा नियमावली क्षेत्र के सभी विद्यालयों में ईमेल द्वारा भेजी गई है।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से अनुरोध करते हुए कहा गया है कि जिन विद्यालयों को आमंत्रण नहीं प्राप्त हुआ है वे कार्यालयीन समय में विद्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यालय की वेबसाइट पर भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। इस अवसर पर काव्य पाठ प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी अभिव्यक्ति और भावनाओं को व्यक्त करने, चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का प्रदर्शन करने, जिसमें वे अपने विचारों और भावनाओं को कैनवास पर उतारेंगे। वहीं कहानी लेखन प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी कल्पना और लेखन कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। जबकि वॉलीबॉल टूर्नामेंट में स्कूल की विभिन्न कक्षा संवर्ग की अपनी खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिताओं में नामांकन हेतु प्रतिभागी अपने विद्यालय प्राचार्य के माध्यम से 4 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में कर सकते हैं।

# एक पेड़ सौ पुत्र के समान : रेखा वर्णवाल

- लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने किया पौधारोपण और संरक्षण का भी लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पर्यावरण को लेकर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने गुरुवार को उप स्वास्थ्य केंद्र चैनगड़ा में लायन शिवम कुमार के जन्मदिन के पर पौधारोपण किया। इसका शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने पौधारोपण कर किया। इसके बाद क्लब के अन्य लोगों ने भी आम, अमरूद, कटहल, आंवला,पपीता सहित दर्जनों फलदार व छायादार पौधे लगाकर लोगों को जागरुक करते हुए इसके संरक्षण का संकल्प लिया। मौके अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा कि एक पेड़ 100 पुत्र के समान होता है, इसीलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही प्राकृतिक आपदाओं को काम किया जा सकता है। सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा की पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। पर्यावरण की सुरक्षा हम सबों का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ सदर अस्पताल से आए डीपीएम डॉ. देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव एवं चैनगडा उप स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. ऋतुराज ने भी एक एक पौधे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जॉन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, एमजेएफ संजय कुमार, एमजेएफ सोनाराम मांझी, लायन डॉ. एमके मंजुल, लायन विजय वर्णवाल, लायन विजयंत कुमार, लायन दीनबंधु, लायन निर्मल अग्रवाल, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा, लायन रेखा मंजुल, लायन विमल राय, लायन प्रमोद शर्मा, लायन राजेश अग्रवाल, लायन एचएन यादव, रेनू सिंह, वीणा सिंह, सरिता देवी आदि का योगदान रहा।



## कांग्रेस पंचायत और बुथ कमेटी गठित

भुरकुंडा (रामगढ़)। सेंट्रल सौंदा पंचायत में कांग्रेस कमेटी का पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का गुरुवार को गठन किया गया। कार्यक्रम में इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह और मुखिया तिलेश्वर साव मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से शंकर कुमार पासवान को पंचायत अध्यक्ष, मो. मासूम को उपाध्यक्ष, विजय सोनी को सचिव, अमन डेनिस को कोषाध्यक्ष, मरियम तिर्की को उप कोषाध्यक्ष, बंटी साव को मीडिया प्रभारी, विनय सिंह को संरक्षक एवं श्याम बिहारी पासवान को महामंत्री चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### अडाणी फॉउंडेशन ने मनाया सावन महोत्सव



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव कार्यालय में स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सावन महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में गोंदुलपुरा, गाली और बलोदर आदि गांवों की करीब सौ से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएसआर टीम ने पिछले कुछ वर्षों में चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए महिलाओं से रायशुमारी की। साथ ही ग्रामीणों और महिलाओं से सुझाव भी मांगे गए, जिसके आधार पर भविष्य के कार्यक्रमों को और भी उपयोगी बनाया जा सके। मुख्य अतिथियों ने सभी महिला प्रतिभागियों को रेनकोट, छाते और स्वच्छता उत्पादों जैसी आवश्यक वस्तुओं वाला मानसून किट वितरित किया। इस अवसर पर मुखिया, उपमुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, वन समिति अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परियोजना प्रमुख संजय कुमार, डीजीएम (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सीएसआर प्रबन्धक मोहित कुमार, शरद मिश्रा, तारकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पदमा में कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक



**पदमा।** सूरजपुर पंचायत भवन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने किया। बैठक में राहुल गांधी को झारखंड आगमन को लेकर चर्चा की गई । साथ यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार की जितने भी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसे जनता तक पहुंचाएं। मईया सम्मान योजना के तहत तीन अगस्त से दस अगस्त तक प्रखंड के सभी पंचायत में शिविर लगेगा जिसको जन-जन तक पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया । मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, सेवादल प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ पासवान, नागेश्वर मेहता, अशोक राणा, बीरबल मेहता, सतीश कुमार, विजय रविदास, राजकुमार रविदास, प्रभु मेहता, रतिनाथ, अनिल कुमार, शंभू कुमार, रामस्वरूप कुमार, अनिल कुमार, उमेश रविदास व अन्य उपस्थित थे।

### मुकबधिर लड़की से अश्लील हरकत करने वाला धराया

**चरही।** ग्राम कारुखाप में एक मुकबधिर लड़की के साथ उसी के गांव के रहने वाले लखन महतो ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता के परिजन ने इस संबंध में थाना में लिखित आवेदन दिया था ।जिसके बाद चरही पुलिस हरकत में आई। छापेमारी कर लखन महतो को धरदबोचा गया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लखन महतो 12 जुलाई को एक मुकबधिर लड़की के साथ घर में घुस कर जबरन उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था ।इस मामले में पीड़िता के आवेदन पर चरही थाना में मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया। अभियुक्त लखन महतो बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### बेसरा बने बरही प्रखंड के कांग्रेस उपाध्यक्ष




**बरही।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बरही अब्दुल मनान वारसी ने प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार किया। वारसी ने रानीचुंवा निवासी राजा राम बेसरा प्रखंड उपाध्यक्ष, खोड़ाहर निवासी छोटेलाल यादव प्रखंड महासचिव, पोड़ैया बेन्दगी निवासी गोविंद यादव, बरसोत निवासी सोनू रविदास को सचिव, राजेन्द्र स्वर्णकार व हरि गुप्ता को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनित किया। उन्हें संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिए जिम्मेवारी सौपी गई। वारसी ने कार्यकर्ताओं को बूथस्तर तक कमेटी का गठन करने व पार्टी के नीतियों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया।

### अवैध बालू मामले में छह पर प्राथमिकी

**बरही।** बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक के द्वारा दिये गए आवेदन पर अवैध रूप से बालू भंडारण करने को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 321/24 के तहत धारा 317(5), 3(5), बीएनएस एवं 21 एमएमआरडी एक्ट एंड 54 जेएमएमसी रूल एंड 9/13 झारखण्ड मिनिरल एक्ट को लेकर छः लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में इंद्रदेव साव पिता बासुदेव साव, गिरजा साव पिता विष्णुधारी साव, लुकन साव पिता शोधन साव, संतोष साव पिता शोधन साव, डालो साव पिता स्व. तालो साव, डालो साव पिता महावीर साव को अभियुक्त बनाया गया है।

### इंडातार में फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज



**कटकमसांडी।** साहपुर मुखिया प्रतिनिधि संभू यादव ने गुरुवार को डुंडातार खेल मैदान में सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। यह टूर्नामेंट सरना आदिवासी क्लब डुंडातार के द्वारा आयोजन किया गया ।उद्घाटन मैच लावाकुदर बनाम धरधरा के बीच खेला गया । इस मौके पर शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई किया। क्लब के अध्यक्ष महासिंह मुंडा एवं उपाध्यक्ष रामजीत नोन्हा ने बताया कि टूनार्मेंट में 32 टीमें भाग ले रही है। इस अवसर पर कटकमसांडी युवा समाजसेवी पप्पू यादव, विजय उरांव,सावन उरांव, जीवन कच्छप, अर्जुन मुंडा, गोविंद कुजुर, अर्जुन मुंडा, गोविंद कुजुर महासिंह मुंडा, एवं सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

### शिक्षक प्रशिक्षण के तृतीय बैच की शुरूआत

बरही। बरही प्रखंड में झारखण्ड राज्य शिक्षा परियोजना और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारम्भ बीआरसी बरही में किया गया ।रूम टू रीड से प्रखंड समन्वयक अशोक सकलानी ने बताया कि चार चरणों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में 112 विद्यालयों के हिंदी भाषा शिक्षण करवाने वाले शिक्षकगण शामिल हो रहे हैं। दक्ष प्रशिक्षकों के द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता के सभी घटकों, मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया जाना नियोजित है। दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने, घटकों को स्कैफोल्डिंग द्वारा विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें ।एफएलएन किट और सभी सहायक सामग्री शिक्षक संदर्शिका, नई किरण, प्राईमर कार्ड, पुस्तकालय की पुस्तकें का उपयोग करने, रूटीन के अनुसार पुस्तकालय कालांश में पठन गतिविधियों को संचालित करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में रूम टू रीड की जिला टीम से कार्तिक मुखर्जी, मीना प्रजापत और रंजीत भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# जटिलता के बीच क्षमता के अनुसार काम चुनें

**निधि सिंह**



मनुष्य का जीवन जटिल होता जा रहा है। हर कोई सबसे आगे पहुंचने की दौड़ में लगा है। काम और आराम, दोनों ही मनुष्य के विकास के लिए जरूरी हैं। कुछ लोग आराम को ज्यादा महत्व देते हैं, तो कुछ काम को। और ऐसा ही नहीं कुछ लोग तो काम ही नहीं करना चाहते हैं। लेकिन बिना दोनों में संतुलन बनाएं आप आपने जीवन को सही दिशा कभी नहीं दे पाएंगे। इस दौड़ती-भागती जिंदगी में दोनों का महत्वपूर्ण स्थान है। तो चलिए जानते हैं इंग्लिश के एक नए शब्द को जो काफी चलन में है और वह है -

₹वर्कोहलिक"। इसे हिन्दी में काम का नशा या काम की धुन कहा जा सकता है। इसके तहत व्यक्ति बस काम ही काम में डूबा रहता है। इस तरह का भूत उस पर सवार रहता है जिसके कारण वह जिंदगी से कटता चला जाता है।

अब तो विज्ञान ने भी सिद्ध किया है कि एक ही चीज के पीछे पड़े रहना हमें अन्य बातों के प्रति नीरस बना देता है, जिससे जीवन के अंतिम वर्ष यातना भरे हो सकते हैं।

माना कि काम करना जीवन चलाने के लिए जरूरी है। काम नहीं करेंगे तो हमारे दायित्वों को कौन पूरा करेगा, मगर शरीर से काम ही काम करवाते रहेंगे तो थकान आने लगेगी। इसी थकान को दूर करने के लिए विश्राम भी जरूरी है। हर व्यक्ति के लिए आराम के मायने अलग-अलग होते हैं। कई लोग सोचते हैं कि ढेर सारी धन-दौलत हो तो जिंदगी बड़े मजे से कटेगी। कोई टेंशन नहीं होगा, बस आराम ही आराम। पर मनोवैज्ञानिकों के अनुसार आराम का अर्थ तनावरहित जिंदगी है। देखें कि इस अस्त-व्यस्त दिनचर्या, काम की दौड़ा-दौड़ी और दिमाग के पस्त होने जैसी समस्याओं से कैसे निपटा जाए।काम के घंटे तय करें:

सबसे जरूरी है अपनी दिनचर्या में नियमितता बेवजह आमंत्रित तनाव की वजह से हम मानसिक तथा शारीरिक रूप से थक जाते हैं। अत? सबसे पहले काम के घंटे तय करें।

### अपनी क्षमता के अनुसार जितना काम कर सकें उतना ही हाथ में लें:

हमें अपनी सीमाओं और योग्यताओं को ध्यान में रखकर ही अपने काम का विस्तार करना चाहिए। एक साथ दस काम हाथ में लेने से हमारा लक्ष्य कभी पूरा नहीं होगा। 'छोटी शुरूआत, अच्छी शुरूआत' पर अमल करें।

### बनिए खुद ही अपने दोस्त:

कभी-कभी हमें अपने अवचेतन मन की बात भी माननी चाहिए। खुद से ही संवाद करना चाहिए कि मैं क्या कर रहा हूं? क्या यह सही है? निश्चित तौर पर यह जादू आपको नई दिशा देगा। आपके जीवन का लक्ष्य क्या है? किस क्षेत्र में आप आगे बढ.सकते हैं ? भला आपसे बेहतर आपको कौन जान सकता है। तो यकीनन इस पर अमल करें और सुकून के साथ अपने लक्ष्य पर पूरे मनोयोग से कार्य करें।

### आराम के लिए चुनें इन्हें भी:

व्यायाम, योग-ध्यान जैसी क्रियाओं को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इनकी आदत आपको ताउम्र स्फूर्ति के अलावा अच्छी नींद का मालिक भी बनाती है। स्वस्थ तन-मन रहेगा तो जीवन भी आरामदायक गुजरेगा।

### हर वक्त गंभीर न रहें:

जिस समय आप काम कर रहे हों उस समय को छोड दें, बाकी समय अपने दिमाग को आराम दीजिए। बिना वजह की परेशानी मोल लेकर धीर-गंभीर न बने रहें। हल्के-फुल्के मूड में रहें, घर हो या ऑफिस। स्व-प्रेरणा तथा स्व-विचार आदमी को श्रेष्ठ बनाते हैं। जीवन में तकलीफें तो हर व्यक्ति को आती हैं। इसी से हमारे मन में कई ग्रंथियां बन जाती हैं। अत? मन पर काबू रखकर इन पर विजय पाना ही जीवन है।

### बार-बार काम बदले नहीं :

बार-बार नौकरी बदलना ठीक नहीं है। कई बार आपका नजरिया सही बैठ भी सकता है, पर अगर आप वहां असफल रहे तो जिस नौकरी में आप हैं वह तो जाएगी ही साथ ही आप पर नया संकट आ जाएगा सो अलग। इससे बचने के लिए कुशल रणनीति के साथ काम करें। सोच-विचार करके ही कदम आगे बढ़ाएं।


## इक्विटी पर आधारित म्यूचुअल फंड और कैपिटल गेन



**अजयदीप बाधवा**

भारत सरकार के 2024 25 के यूनियन बजट में कैपिटल गेन के टैक्सेशन प्रणाली में थोड़ा सा परिवर्तन किया गया है। जब हम किसी भी इक्विटी ओरिएंटेड म्युचुअल फंड स्कीम में इन्वेस्ट करते हैं तो हमें एक साल (12 माह) के पहले उसे वापस बेचने पर जो लाभ होता है उसे शॉर्ट टर्म कैपिटल गैन बोलते हैं और अगर एक साल से ज्यादा रखने के बाद अगर हम उसे बेचते हैं तो उस पर होने वाले लाभ को हम लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन बोलते हैं। वर्ष 2023/24 तक शॉर्ट टर्म कैपिटल गैन की दर 15% है और लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन की दर 10% है। पर भारत सरकार ने अब इसमें थोड़ा सा परिवर्तन किया है। अगले वर्ष, 2024/25, से लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन की दर 10% से बढ़कर 12.5% कर दी गई है और साथ में इंडेक्सिंग की जो प्रथा थी उसको भी समाप्त कर दिया गया है। साथ ही शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन पर आय कर की दर को 15% से बढ़ा कर 20% कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर वित्तीय वर्ष 2024-25 में आप अपनी किसी भी म्युचुअल फंड, जो इक्विटी बेस्ड है, को एक साल के अंदर बेचते हैं तो आपको अब शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन पर 15% की जगह 20% की दर से आयकर लगेगा और अगर आप उसे एक साल (12 माह) के बाद बेचते हैं तो 10% की जगह 12:30 % की दर से आयकर लगेगा। पर एक राहत भी सरकार ने दी है। वर्तमान में अगर आपका लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन 1 लाख या उससे कम है तो आपको उस पर कोई आयकर नहीं देना होता है, अर्थात वर्तमान समय में ?100000 से ज्यादा लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन पर ही 10% टैक्स लगता है। पर वित्तीय वर्ष 2024-25 से इस सीमा को भारत सरकार ने ?25000 से बढ़ा दिया है; यानी वर्ष 2024-25 में अगर हमारा लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन 125000 रूपए तक है तो हमें कोई आयकर उस पर नहीं देना होगा। इसके बाद जो लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन होगा उसे पर हमें 12.5% की दर से आयकर देना होगा। इसे ऐसा भी समझा जा सकता है कि इस वित्तीय वर्ष 2024/25 से अगर हमारा लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन 225000 रुपए तक होगा तो हम आय कर दर बढ़ने के बावजूद काम आयकर का बोझ सहना पड़ेगा। पर अगर वित्तीय वर्ष 2024/25 से हमारा लॉन्ग टर्म गेम 225000 रुपए से ज्यादा होगा तब हमें वर्तमान व्यवस्था से अधिक आयकर देना होगा। भारत सरकार ने साथ ही इंडेक्सेशन को भी बंद कर दिया है यानी आप इंडक्शन का बेनिफिट अब नहीं ले सकते हैं। जहां तक इक्विटी बेस्ड म्युचुअल फंड के अलावा निवेश की बात है उसमें अगर हमारा निवेश 24 महीने से कम समय तक रहता है तो शॉर्ट टर्म कैपिटल गैन लगेगा जिसकी दर अब 20% कर दी गई है; और अगर वह निवेश 24 महीना से ज्यादा रहेगा तो उसे बेचने पर होने वाले लाभ पर हमें 12.5% दर से आयकर देना होगा।

(कॉस्ट अकाउंटेंट, कर सलाहकार सह मोटिवेटर)




## एजुकेशन लोन में सावधानी

स्टूडेंट को चाहिए कि वे लोन से संबंधित जो विवरण और दस्तावेज दे रहे हैं, वे पूरी तरह सही हों और बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही, कोर्स के दौरान कितना खर्च आ सकता है, उसका भी विवरण देना चाहिए। लोन की स्वीकृति बैंक के नियमों के तहत ही दी जाती है। कई बार लोन के दौरान कोर्स और यूनिवर्सिटी को भी ध्यान में रखा जाता है। साथ ही, पेरेंट्स या कोएप्लिकैंट के फाइनेंशियल स्टेटस पर भी नजर रखी जाती है। 4 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन पर किसी सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होती है। लेकिन इसके लिए पेरेंट्स के फाइनेंशियल स्टेटस का अप्रेजल किया जाता है।यदि 4 लाख रुपए से अधिक लोन लेते हैं, तो लोन के अनुरूप सिक्योरिटी की जरूरत होती है या किसी थर्ड पार्टी को गारंटी लेनी पड़ती है। कोर्स के दौरान पहले साल उपयोग किए गए लोन का सिंपल इंटरेस्ट ही अदा करना होता है। लेकिन कोर्स खत्म होने के बाद रिपेमेंट की प्रक्रिया शुरू होने के 5 वर्षों में पूरा पेमैंट करना होता है।

## संत जेवियर इंटर कॉलेज में नशा उन्मूलन पर जागरुकता कार्यक्रम

झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संत जेवियर इंटर कॉलेज में नशा उन्मूलन पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, मध्यस्थ पी.एन. सिंह, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, सीआईडी-डीएसपी राजकुमार यादव, डी.एस.पी. (सिटी) अनुज उरांव, पीएलवी भूप्रताप महतो, मानव कुमार, संगीता सिंह, संगीता देवी एवं संत जेवियर इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाए व अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना और अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। औषधि और प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी और संविधान के अनुच्छेद झ 47 के संबंध में फोकस किया। एलएडीसी ने कहा कि पान, गुटखा, खैनी इत्यादि से नशा का शुरूआत होती है। सजा को स्मॉल, इंटरमीडिएट, कमर्शियल में बांटा गया है। इसमें 2 से 10 साल की सजा और 2 लाख का जुमार्ना भी है।

मध्यस्थ पी.एन. सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं। आजीवन नशे की लत में रहते हैं। नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना अर्थात नशे का सेवन करने से बचाव या उसकी नशा को दूर करने का प्रयास है। ड्रग्स लेने से मस्तिष्क खराब हो जाता है। सोचने की क्षमता समाप्त हो जाता है।

सीआईडी-डीसपी राजकुमार यादव ने कहा कि नशा से शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक हानि होता है। नशा में व्यक्ति चोरी करना शुरू कर देता है। नशा की चपेट में आकर नशीली पदार्थों का सेवनकर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहे है। नशा से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। नशा की रोकथाम के लिए कई कार्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है।

लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा ने कहा कि नशा ना कर मनुष्य स्वस्थ रहता है। नशा शरीर की गुणवत्ता को समाप्त कर देता है। इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। नशा से परिवार का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होती है, जिसका भरपाई कदापि? नहीं की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि नशा के आदि व्यक्ति का पूरा पैसा नशा करने में खर्च होता है, जिसका प्रभाव उसके परिवार पर पड़ता है। परिवार नष्ट हो जाता है।

# सेल्फ इम्प्रूवमेंट है सिलसिला उम्रभर का

**कीर्तिशेखर**



सेल्फ इम्प्रूवमेंट या आत्म सुधार आज के दौर में ऐसी प्रक्रिया मान ली गयी है, जिसका सिर्फ परीक्षार्थियों से ही रिश्ता है। आमतौर पर सेल्फ इम्प्रूवमेंट की बात और कोशिश करते भी ऐसे छात्र ही मिलेंगे, जो किसी एग्जाम की तैयारी कर रहे होते हैं या कैरियर बेहतर बनाने की कोशिश में लगे होते हैं। जबकि सेल्फ इम्प्रूवमेंट का रिश्ता सिर्फ नौकरी के लिए की गई तैयारी या किसी परीक्षा के प्रिपरेशन तक सीमित नहीं है। वास्तव में सेल्फ इम्प्रूवमेंट महज कैरियर या एग्जाम के लिए नहीं बल्कि पूरी जिंदगी के लिए होना चाहिए।

**दिनचर्या में पालन करें**

जब भी सेल्फ इम्प्रूवमेंट के लिए प्रयास करें, तो उसका लक्ष्य सीमित न रखें। यह न मानकर चलें कि इसे लिखकर बस एक एग्जाम पास करना है। इसलिए जब भी सेल्फ इम्प्रूवमेंट के लिए कोई किताब पढ़ें, कुछ नया करने की कोशिश करें तो उसका अमल अपनी दिनचर्या में करें। जानकारी और समझ बढ़ाने के लिए लोगों से मिलें, सेमिनारों में हिस्सा लें या वर्कशॉप ज्वाइन करें तो उसका रिश्ता तात्कालिकता से नहीं, पूरी जिंदगी को बेहतर बनाने के नजरिये से हो। एक बार आत्म सुधार हो जाये तो अगर नौकरी नहीं भी मिले, तो भी जीवन सुधर जायेगा।

**खुद में सुधार से समाज का भी फायदा**

आत्म-सुधार का मतलब खुद को बेहतर बनाने की प्रक्रिया है। एक ऐसा सफर है जो व्यक्ति को उसके भीतर की छिपी क्षमताओं को एक्सफ्लोर करने की सुविधा देता है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। वहीं सेल्फ इम्प्रूवमेंट से हमारे अपने फायदे के साथ ही देश और समाज का भी फायदा होता है। अगर हमने आत्म विकास कर लिया, तो एक बेहतर नागरिक बन जाएंगे और समाज को बेहतर बनाने में भूमिका अदा करेंगे। इसलिए हमें सेल्फ इम्प्रूवमेंट को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानकर करना चाहिए।

**सतत प्रक्रिया**

सेल्फ इम्प्रूवमेंट कुछ नियमों को जान लेना भर नहीं है बल्कि सेल्फ इम्प्रूवमेंट सीखने की एक सतत प्रक्रिया है। हम पूरी जिंदगी खुद का विकास करते रह सकते हैं और अपने लिए जो जरूरी है, उसे सीखते रहना पड़ता है, क्योंकि सीखने का कोई अंत नहीं है। जैसे- आत्म सुधार की कोई सीमा नहीं है।

**अनुकूल-आसान तरीके का चयन**

सेल्फ इम्प्रूवमेंट के बहुत तरीके होते हैं और कोई भी तरीका किसी से कम या ज्यादा बेहतर नहीं होता। सब एक जैसे होते हैं। क्योंकि हर कोई एक तरीके से अपना आत्म सुधार नहीं कर पाता, सभी को अपने-अपने ढंग से चीजें सीखने की आदत होती है। इसलिए कोई लेक्चर सुनकर अपना इम्प्रूवमेंट करता है, तो कोई अच्छी किताबें पढ़कर। कोई दूसरों से बातें करके, तो कोई किसी के अनुभवों से सीखता है। कोई जोखिम लेकर, कोई गलतियां करके और कोई असफल होकर सफलता की तरफ कदम बढ़ाता है। सवाल है आप क्या करना चाहते हैं व क्या करना आसान लगता है? जिस चीज में आप कंफर्टेबल हों वही करें।

**महत्वकांक्षा और तार्किक मकसद**

हम जब भी आत्म विकास का बीड़ा उठाएं, तो हमें पता होना चाहिए कि आखिर हम यह क्यों कर रहे हैं? हर कोई अपने आपमें यूनीक है। हर किसी की अपनी क्षमताएं और कोशिश करने के तरीके हैं। इसलिए जब भी सेल्फ इम्प्रूवमेंट का सिलसिला शुरू करें तो आपके पास एक चमकदार महत्वकांक्षा और तार्किक मकसद होना चाहिए। एक बार जब हम अपने मकसद को लेकर आत्म सुधार के सफर में आगे बढ़ते हैं तो फिर हम अपनी मंजिल से पीछे नहीं रुकते। आपकी बुनियादी रुचि जिस चीज में है, अगर उसी क्षेत्र में अपना आत्म सुधार करेंगे, तो दिन दूना रात चौगुना दौड़ेंगे बशर्ते अपनी ताकत पर भरोसा करें। गुजरे हुए कल की गलतियों को लेकर हर समय न घूमें, गुजरे हुए कल की गलतियों से सीखें और आगे बढ़ें।

# अग्निपथ योजना में सुधार की अत्यधिक संभावना



पिछले शुक्रवार द्रास में आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर अग्निपथ मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा इस योजना का उद्देश्य सेना को युवा बनाए रखना हैङ्ग एक ऐसी सेना जो युद्ध के लिए निरंतर चुस्त रहे। उन्होंने आगे कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने संवेदनशील मुद्दे को राजनीति का विषय बना दिया है। उन्होंने इससे भी कड़े शब्द बरते, लेकिन सवाल है कि यह सब कहने के लिए क्या यह अवसर उचित था? आदर्श रूप में, इस पवित्र दिन को मनाने के लिए मंच पर विपक्ष और प्रधानमंत्री, दोनों को एक साथ होना चाहिए था। परंतु यह अपेक्षा शायद कुछ ज्यादा ही हो गई।

इसमें कोई शक नहीं कि पिछले 10 सालों में सेना के स्वरूप में काफी सुधार किया गया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति, सैन्य मामलों के लिए अलग विभाग का गठन, सुधरे रूप में सैन्य खरीद नीति, रक्षा उद्योग को स्वदेशी तकनीक विकसित करने की बाध्यता, रक्षा उद्योग में निजी क्षेत्र की कंपनियों की भागीदारी को अनुमति और इन्हें रक्षा अनुसंधान एवं विकास राशि का 25 फीसदी मुहैया करवाना जैसे अनेक उपाय किए गए हैं। लेकिन सेना को लेकर अग्निपथ योजना अपने आप में सबसे अधिक महत्वाकांक्षी है। इस योजना के तहत एक युवा की सेना में भर्ती 17-21 साल के बीच होनी है, उसका सेवाकाल चार साल का होगा और सेवामुक्ति उपरांत एकमुश्त रकम मिलनी है। चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत को सेना में आगे 15 साल या अधिक कार्यकाल की पेशकश होगी। लेकिन बाकी बचे 75 फीसदी के लिए विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी का विकल्प हो सकता है, जहां भर्ती में उन्हें तरजीह मिलेगी। इस योजना पर विवाद उस वक्त उठ खड़ा हुआ जब पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवाणे ने विमोचन के लिए लंबित अपनी पुस्तक में कहा कि यह योजना नौसेना और वायुसेना के लिए ह्यबिन बादलों की बिजली गिरनाह्ल बनकर आई और खुद उन्होंने जो प्रारूप सरकार को सौंपा था, वह केवल थल सेना के लिए था और उसमें भी 75 प्रतिशत अग्निवीरों को फौज में आगे बने रहना था, केवल शेष 25 फीसदी को सेवामुक्त करना था। परंतु रक्षा मंत्रालय ने इसको एकदम उलटा कर दिया, यानी 75 प्रतिशत अग्निवीरों को कार्यमुक्ति और 25 फीसदी को सेना में बनाए रखने वाला प्रावधान बना डाला।

राजनीति की वजह से, आरंभ से ही अग्निपथ योजना को लेकर विवाद होने लगे थे और दोनों पक्षों ने इस पर खेल किया, मुख्य सवाल जो अक्सर किया जाता है: हम अग्निवीरों के लिए और अधिक क्या कर सकते हैं? फिर हमारे पास उस अन्य प्रश्न का भी ठोस उत्तर नहीं है कि अग्निवीर सेना के लिए क्या और कितने उपयोगी होंगे? इस बाबत मुख्य दलील यह दी जाती है कि अग्निपथ योजना से सेना के जवान की औसत आयु बनिस्बत युवा बनी रहेगी। सरकार की ओर से दिए शपथपत्र में दावा किया गया है कि अफसर पद से नीचे, भारतीय सैनिक की औसत आयु विश्व में सबसे अधिक, 32 साल है, जबकि वैश्विक औसत 26 वर्ष है। लेकिन दशकों से सेना में भर्ती की उम्र सदा 16.5 से 21 वर्ष के बीच रही है। कुल 75 प्रतिशत अग्निवीरों की सेवानिवृत्ति और प्रत्येक भर्ती चक्र में नई उम्र के युवाओं की आमद बनाने से योजनाकारों को उम्मीद है कि इससे फौज की औसत आयु कम हो पाएगी। किंतु जैसा कि पहले कहा, बदले में प्राप्ति क्या होगी?

भारतीय सेना में भर्ती की कुछ हकीकतें हैं। देखा गया है कि जो युवा जल्दी भर्ती होते हैं, अक्सर उनका भार और पौष्टिकता स्तर उनकी पृष्ठभूमि में विविधता के हिसाब से कम होता है। पहले नौ महीने का प्राथमिक प्रशिक्षण चरण हुआ करता था, उसमें शुरूआत नए सिरे से करनी पड़ती थी, जिसमें यह वक्त उसे शारीरिक रूप से तगड़ा करने और अनुशासन में ढालने में निकल जाता था। इसके बाद शुरू होता व्यावसायिक प्रशिक्षण, चाहे उसे अग्रिम दस्ते का फौजी बनाना हो या अधिक तकनीकी हुनरयुक्त जवान, मसलन, टैंक, तोप, वायु रक्षा प्रणाली चलाने वाला। इनमें मामूली योग्यता पाने के लिए भी एक और साल खपता है।

जबकि अब महज छह महीने के प्रशिक्षण के बाद अग्निवीर को सेना में भर्ती किया जा रहा है। रंगरूट की ग्रामीण पृष्ठभूमि, शिक्षा का स्तर और किसी उम्र में भर्ती हुई, इनके परिप्रेक्ष्य में लगता नहीं कि अग्निवीर कोई बहुत बढ़िया कौशल विकसित कर पाएंगे। जो देश हम से आगे हैं, वहां नया रंगरूट पहले से किसी न किसी कौशल से युक्त होता है जैसे कि वाहन चलाने का हुनर, लेकिन भारत में इसके लिए भी तीन महीने तक लग सकते हैं।

पूर्व एडमिरल अरुण प्रकाश का कहना है, कदाचित अग्निवीर थल सेना के लिए उपयोगी हों, जहां आक्रमण में अग्रिम दस्ते का फौजी बनने के लिए अधिक तकनीकी योग्यता की इतनी जरूरत नहीं है, लेकिन वायु सेना और नौसेना के लिए यह बड़ी समस्या बन जाएगी, जहां किसी नए भर्ती युवा को समुचित कार्यकारी अनुभव पाने के लिए कम से कम 5-6 साल की जरूरत पड़ती है, उसके बाद ही उसे किसी अभियान का हिस्सा या खतरनाक अस्त्रों का रख-रखाव, जटिल मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण चलाने का काम सौंपा जा सकता है।

सरकार का कहना है कि इस योजना का मनोरथ केवल फौज की औसत आयु कम करना है न कि कोई अन्य उद्देश्य। लेकिन यदि पिछली बातों को याद करें तो सरकार के लिए इस तथ्य को मानने की जरूरत है कि यह योजना केवल वित्तीय बोझ कम करने की गर्ज से है, जिसका लाभ वैसे भी एक दशक बाद होना शुरू होगा। फिलहाल सेवानिवृत्त फौजियों को पेंशन देने में कुल खर्च 1.41 लाख करोड़ रुपये आता है अर्थात ? कुल रक्षा बजट का 22.7 फीसदी, जिसे सेना के गले में बंधे भारी पत्थर की तरह लिया जाता है।

विगत में युवा सैन्य बल बनाने की मांगों के चलते जरूरी नहीं कि फायदे के बदले नुकसान करवा बैठें। इस योजना को बंद करने की बजाय सरकार इसमें बदलाव लाए और खामियों को दूर करे, मसलन, प्रशिक्षण और कौशल विकास के विषय में। अग्निवीर का कार्यकाल चार साल से बढ़ाकर सात वर्ष करने का सुझाव अच्छा हो सकता है, और पिछले कुछ समय से इसकी मांग हो रही है। इससे प्रशिक्षण के लिए समुचित वक्त मिल पाएगा और ऐसा फौजी सैन्य बल को प्रभावशाली योगदान भी दे पाएगा। इस नए प्रावधान के मुताबिक जब तक कोई अग्निवीर सेवामुक्त होगा तब उसकी उम्र 24-28 साल के बीच होगी, जो नौकरी के विभिन्न मौकों के लिए आदर्श होगी, कुछ वक्त लगेगा पर ऐसे अवसर उनके लिए बनते चले जाएंगे। और यहां सनद रहे, कारगिल युद्ध-1999 में 550 से अधिक जो फौजी शहीद हुए थे, वे सभी पूरी तरह प्रशिक्षित, तपकर निकले और प्रतिबद्ध सैनिक थे न कि अग्निवीर। अग्निपथ योजना का इस किस्म का इम्तिहान होना बाकी है।

# मनु 25 मी. पिस्टल में लगाएंगी जोर, लक्ष्य की नजरें सेमीफाइनल पर

## भारत के मैच, 02 अगस्त का पूरा शेड्यूल

पेरिस ओलंपिक में अब तक दो पदक जीत चुकीं महिला निशानेबाज मनु भाकर पेरिस खेलों के सातवें दिन शुक्रवार को 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन में उतरेंगी। मनु से एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन की आस रहेगी, जबकि एचएस प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन की नजरें सेमीफाइनल में पहुंचने पर टिकी होंगी। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम भी अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने उतरेगी।

### पदक के करीब पहुंचने उतरेंगे लक्ष्य

भारत की बैडमिंटन में सबसे बड़ी उम्मीद में से एक लक्ष्य सेन की नजरें सेमीफाइनल में पहुंचने पर टिकी होंगी। लक्ष्य अगर क्वार्टर फाइनल की चुनौती पार करने में सफल रहे तो वह पदक के करीब पहुंच जाएंगे। लक्ष्य अगर इस मैच के बाद अगला मुकाबला भी जीतने में सफल रहे तो कम से कम रजत पदक पक्का कर लेंगे। अगर उनका सफर सेमीफाइनल में समाप्त हुआ तो उन्हें कांस्य पदक के लिए खेलना होगा।

### वापसी करना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में अब तक अजेय चल रही थी, लेकिन बेल्जियम ने पूल बी में उसका यह अभियान थाम दिया। भारत पहले ही क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुका है और नॉकआउट दौर से पहले टीम वापसी करना चाहेगी। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी गलतियों में सुधार करने का मौका रहेगा।

### पीवी सिंधु का ओलंपिक अभियान समाप्त, चीनी खिलाड़ी से सीधे सेटों में हारी



**पेरिस।** ओलिंपिक से एक और निराशा से भरी खबर सामने आई। बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु महिला एकल के राउंड 16 मैच में चीन हे बिंग जिओ की से हारकर बाहर हो गई। सिंधु भारत के लिए दो ओलिंपिक पदक जीत चुकी है। उनसे फैंस तीसरे पदक के लिए उम्मीदें लगाए बैठे थे लेकिन बिंग जिओ के खिलाफ मुकाबले में वह लय से भटकी हुई नजर आई। 56 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की बैडमिंटन प्लेयर ने सिंधु को 21–19 और 21–14 से हराया। सिंधू टोक्यो ओलंपिक में किए गए अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाईं।

## पुरुष और महिलाओं के 20 किलोमीटर रेस इवेंट में भारत के हाथ खाली, प्रियंका का 41वां स्थान



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को रेस में भी निराशा हाथ लगी है। 20 किमी रेस स्पर्धा में पुरुष और महिला दोनों बाहर हो गई हैं। भारतीय धावक विकास सिंह 30वें और परमजीत सिंह बिष्ट 37वें स्थान पर रहे, जिससे भारत पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को ट्रोकाडेरो में पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में खाली हाथ रहा। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले तीन भारतीय एथलीटों में विकास सबसे तेज रहे, उन्होंने 1:22:36 का समय निकालकर अपनी दौड़ को पूरा किया। विकास पिछले साल एशियाई खेलों में 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे थे। भारत के लिए पहली बार ओलंपित में भाग ले रहे परमजीत ने 1:23:48 का समय निकाला। हालांकि, राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह महज 6 किलोमीटर के बाद ही दौड़ से बाहर हो गये। भारत ने ओलंपिक में 20 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में कोई पदक नहीं जीता है। इसके अलावा महिलाओं के 20 किमी पैदल चाल इवेंट में प्रियंका 41वें स्थान पर रही। उन्होंने एक 1:45:55 का टाइम निकाला। हालांकि, वह नीचे से तीसरे स्थान पर रही क्योंकि इस स्पर्धा में 43 महिलाएं भाग ले रही थी। इस स्पर्धा में इक्वेडोर के ब्रायन डेनियल पिंटाडो ने स्वर्ण पदक जीता। ब्राजील के कैओ बोनफिम और स्पेन के अल्वारो मार्टिन ने रजत और कांस्य पदक जीते। 2023 के विश्व पदक विजेता पिंटाडो ने 1:18:55 में अपना विश्व रजत पदक ओलंपिक स्वर्ण में बदल दिया। पेरिस में इक्वाडोर के किसी एथलीट का यह पहला पदक था। ब्राजील के काओई बोनफिम ने 1:19:09 के साथ रजत पदक जीता, जबकि स्पेन के अल्वारो मार्टिन ने 1:19:11 के साथ कांस्य पदक जीता।

## भारतीय गोल्फर दीक्षा कार दुर्घटना में सुरक्षित

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने आयी भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर की कार दुर्घटना का शिकार हो गई है। दुर्घटना में उन्हें कोई चोट नहीं है और वह सुरक्षित है। मंगलवार रात हुई इस दुर्घटना के बाद भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर सुरक्षित है और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। वह महिला गोल्फ में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। इस घटना के बाद उनकी मां को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दीक्षा के पिता कर्नल नरेन डागर ने इसकी पुष्टि की है।

## विष्णु ने डिंगी में शुरू किया अभियान

**पेरिस।** भारत के विष्णु सरवनन गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की डिंगी नौकायन प्रतियोगिता की पहली रेस में 10वें स्थान पर रहे। मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में डिंगी नौकायन प्रतियोगिता की शुरूआती सीरीज में कुल 10 रेस होंगी। सीरीज के अंत में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाली नौकाएं पदक राउंड में पहुंचेंगी।


## तीरंदाजी : प्रवीण जाधव राउंड ऑफ 64 में हारे

**लेस इनवैलिड्स।** भारत के तीरंदाज प्रवीण जाधव गुरुवार को पुरुषों के व्यक्तिगत राउंड ऑफ 64 मैच में चीन के काओ वेनचाओ के खिलाफ 6-0 से हार गए। इसी के साथ ओलंपिक में उनका अभियान समाप्त हो गया है। गुरुवाक को खेले गये मुकाबले में चीन के तीरंदाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नौ तीरों में से छह में 10 का स्कोर किया। जबकि 28 वर्षीय जाधव ने जवाब में केवल चार बार ही 10 के निशाने लगाए। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत काओ वेनचाओ ने तीन सेटों के बाद प्रतियोगिता जीत ली।

## मुर्मु, मोदी ने कुसाले को पदक जीतने पर बधाई दी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को हार्दिक बधाई। वह पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। पूरे निशानेबाज दल ने भारत को गौरवान्वित किया है। मैं आगामी प्रतियोगिताओं के लिए हमारे सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। मैं कामना करती हूं कि स्वप्निल कुसाले भविष्य में और भी पदक जीतें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर लिखा, स्वप्निल कुसाले का असाधारण प्रदर्शन , पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई। उनका प्रदर्शन इसलिए खास है क्योंकि उन्होंने बेहतरीन लचीलापन और कौशल दिखाया है।

## लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, हमवतन एचएस प्रणय को हराया



एजेंसी

**पेरिस।** लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को यहां हमवतन भारतीय एचएस प्रणय को एकतरफा मुकाबले में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 39 मिनट चले अंतिम 16 के मुकाबले में 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-12, 21-6 से शिकस्त दी। लक्ष्य की प्रणय के खिलाफ आठ मैच में यह पांचवीं जीत है। क्वार्टर फाइनल में हालांकि लक्ष्य की राह आसान नहीं होगी। गैर वरीय लक्ष्य अंतिम आठ में 12वें वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन से भिड़ेंगे जिन्होंने जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका को 21-12, 21-16 से हराया।प्रणय के खिलाफ लक्ष्य शुरूआत से ही शानदार लय में नजर आए। प्रणय मैच के दौरान बिल्कुल भी लय में नहीं दिए और उन्हें प्रत्येक अंक जुटाने के लिए काफी जूझना पड़ा। वह पूरे मुकाबले के दौरान कभी भी लक्ष्य को चुनौती पेश करने की स्थिति में नहीं दिखे। लक्ष्य ने शानदार स्मैश लगाए जबकि नेट पर भी शानदार खेल दिखाया। बाइस साल के लक्ष्य ने पहले गेम में अच्छी शुरूआत करते हुए 7-4 की बढ़त बनाई और फिर ब्रेक तक 11-6 की बड़ी बढ़त हासिल करने में सफल रहे। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 32 साल के प्रणय की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर बढ़त को 13-6 तक पहुंचाया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के रहने वाले लक्ष्य ने लगातार चार अंक के साथ बढ़त को 18-9 किया। लक्ष्य ने 19-12 के स्कोर पर प्रणय के शॉट वापस लौटाने में नाकाम रहने पर आठ गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर विरोधी खिलाड़ी के अगला शॉट बाहर मारने पर पहला गेम 21 मिनट में 21-12 से जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 6-1 की बढ़त बनाई। प्रणय के पास विरोधी खिलाड़ी के खेल का कोई जवाब नहीं था जिससे लक्ष्य ने ब्रेक तक 11-3 की काफी बड़ी बढ़त बना ली और फिर स्कोर 14-3 किया। लक्ष्य ने बढ़त को 19-5 किया और फिर प्रणय के बाहर शॉट मारने पर 15 मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रणय ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन फिर अगला शॉट बाहर मारकर गेम और मैच लक्ष्य की झोली में डाल दिया।

## मुक्केबाज निशांत क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, पदक से सिर्फ एक जीत दूर

एजेंसी

**पेरिस (फ्रांस)।** भारत के स्टार बॉक्सर निशांत देव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पुरुषों के 71 किग्रा राउंड ऑफ 16 मुकाबले में इक्वाडोर के 7वें वरीय जोस गेब्रियल रोड्रिग्ज टेनोरियो को हराया। इस कड़े मुकाबले को निशांत ने 3-2 से अपने नाम किया। निशांत को पहले दौर में बाई मिली थी। निशांत ने मुकाबले में शुरू में ही अपना दबदबा बनाया और पहले राउंड में 4 जजों से 10 प्वाइंट्स हासिल किये। दूसरे राउंड में भी यह सिलसिला जारी रहा। पैन अमेरिकन गेम्स के रजत पदक विजेता इक्वाडोर के मुक्केबाज ने शुरूआती दो राउंड गंवा दिये। हालांकि उन्होंने तीसरा राउंड जीतने के लिए वापसी की, प्रतिद्वंदी मुक्केबाज ने तीसरे राउंड में वापसी की जिसमें निशांत को महज 1 जज से 10 अंक मिला और निशांत देव ने रोमांचक मुकाबले में विभाजित फैसले से जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।



**पदक से सिर्फ 1 जीत दूर**

अपने डेब्यू ओलंपिक में खेल रहे दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन निशांत देव ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और ओलंपिक में अपना पहला पदक पक्का करने से अब वह सिर्फ एक जीत दूर हैं। पिछले साल चीन में आयोजित हुए एशियाई खेलों में, भारतीय मुक्केबाज निशांत देव को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

## सात्विक-चिराग का पदक जीतने का सपना टूटा, क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर



**पेरिस (फ्रांस)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का पेरिस ओलंपिक का अभियान खत्म हो गया है। भारत की इस स्टार शटलर जोड़ी को गुरुवार को खेले गए बैडमिंटन पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया से हार का सामना करना पड़ा है। मलेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 21-13, 14-21, 21-16 से हराया। इस जीत के साथ ही मलेशियाई जोड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय जोड़ी ने मुकाबले में आक्रमण शुरूआत की और पहले सेट की शुरूआत में ही कई जबरदस्त स्मैश लगाये। मलेशिया जोड़ी ने भी कड़ा मुकाबला किया और पहले गेम में मिड ब्रेक तक सात्विक-चिराग 11-10 स्कोर के साथ मामूली अंतर से आगे रहे। हालांकि ब्रेक के बाद भारत ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और विरोधियों को ज्यादा मौके न देते हुए 21-13 से पहला गेम अपने नाम कर लिया।

## भारत को लगा बड़ा झटका निकहत जरीन प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर

**पेरिस (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में गुरुवार को भारत को बड़ा झटका लगा है। भारत की स्टार बॉक्सर निकहत जरीन प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई हैं। भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चीन की वू यू से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा. इस हार के साथ ही जरीन का अपने मेडन ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया। भारत के 140 करोड़ देशवासियों को निकहत जरीन से पेरिस में जीत की उम्मीद थी। लेकिन वह चीनी मुक्केबाज से हारकर पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गईं। पहली वरीयता प्राप्त चीन की वू यू ने आक्रमण अंदाज में शुरूआत की पहले राउंड में ही वह पूरी तरह से जरीन के ऊपर हावी रहीं। हालांकि, दो बार की विश्व चैंपियन भारत की निकहत जरीन ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की, लेकिन चीनी मुक्केबाज ने राउंड जीत लिया।

## भारतीय टीम की पहली हार, बेल्जियम ने 2-1 से दी मात

एजेंसी

**पेरिस (फ्रांस)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पहली हार का सामना करना पड़ा है। गुरुवार को खेले गए पूल-बी के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम ने 2-1 से मात दी। बेल्जियम की ओर से थिब्यू स्टॉकब्रोक्स (33वें मिनट) और जॉन-जॉन डोहमेन (44वें मिनट) में गोल किये। वहीं भारत की ओर से एकमात्र गोल अभिषेक ने 18वें मिनट में किया। यह पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की पहली हार है। टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने पेरिस में अपने पिछले 3 मैचों में से 2 में जीत हासिल की है। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था और आयरलैंड के खिलाफ उसे 2-0 से जीत मिली थी। वहीं, अर्जेंटीना के खिलाफ उसने 1-1 से ड्रॉ खेला था। बेल्जियम के खिलाफ मुकाबले में हाफ टाइम तक भारत ने 1-0 से बढ़त बनाई हुई थी।




भारत के स्टार फॉरवर्ड अभिषेक ने 18वें मिनट में गोल करके भारत को पहले हाफ में बढ़त दिलायी। हालांकि, भारत अपने बढ़त को बनाए रखने में नाकाम रहा। भारत के हाथ से मैच तीसरे क्वार्टर में फिसला क्योंकि बेल्जियम के थिब्यू स्टॉकब्रोक्स (33') और जॉन-जॉन डोहमेन (44') ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर बेल्जियम को भारत से 2-1 से आगे कर दिया।

## इंपैक्ट प्लेयर का नियम समाप्त हो: दिल्ली

एजेंसी

**मुंबई।** बीसीसीआइ और आइपीएल के टीम मालिकों के साथ हुई बैठक में इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को समाप्त करने, नीलामी के दौरान राइट टू मैच का विकल्प सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बीसीसीआइ की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आइपीएल 2025 के रिटेंशन से जुड़ी बिंदुओं को लेकर हुई इस बैठक में दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि इंपैक्ट प्लेयर के नियम को समाप्त किया जाना चाहिए। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन ने कहा कि विदेशी खिलाड़ियों की संख्या पर बिना कोई प्रतिबंध लगाए टीमों को कम से कम सात खिलाड़ियों को रिटेन करने दिया जाए। बैठक में नये खिलाड़ियों को स्काउट करने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए क्या टीमों को इंसेंटिव को लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि हर पांच वर्ष पर बड़ी नीलामी के सवाल पर टीम मालिक एकमत नहीं दिखे।




## 5 साल बाद छलका धोनी का दर्द, आज भी माही को चुभती है वह हार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की रिटायरमेंट के बाद भी फैन फॉलोइंग कम नहीं हुई। आज भी धोनी की एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते हैं। धोनी ने साल 2019 में वनडे विश्व कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इस विश्व कप के साथ महेंद्र सिंह धोनी की बहुत की कड़वी यादें भी जुड़ी हुई है। ऐसे में जब वह किसी इवेंट में जाते हैं तो अक्सर उनसे वनडे विश्व कप 2019 से जुड़ा सवाल पूछ लिया जाता है। ऐसा ही कुछ हाल ही में एक इवेंट में हुआ जब उनसे न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में उनके रनआउट को लेकर सवाल पूछा गया। कई लोगों को आज भी लगता है कि अगर न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने मैच में एमएस धोनी को रन आउट नहीं किया होता तो नतीजा कुछ और होता। यह मैच धोनी का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने कुछ महीनों बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



### धोनी ने बताया सेमीफाइनल में हार का दर्द

एमएस धोनी ने उस दिल तोड़ देने वाली हार को लेकर पहली बार अपने दर्द जाहिर किया और बताया कि 2019 में खिताब नहीं जीत पाने का कितना दुख हुआ था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें धोनी को इस हार के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार का दर्द भुलाने में उन्हें कुछ समय लगा।धोनी ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल था क्योंकि मुझे पता था कि यह मेरा आखिरी विश्व कप होगा इसलिए जीतना अच्छा होता। यह दिल टूटने जैसा था, लेकिन हमने नतीजे को स्वीकार किया और आगे बढ़ने की कोशिश की। समय लगता है और विश्व कप के बाद थोड़ा समय मिल भी जाता है। मैंने तो उसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला ही नहीं तो मुझे काफी समय मिला। तो हां, यह दिल टूटने जैसा था लेकिन आपको इससे बाहर आना ही पड़ता है। इसलिए आप बस इतना ही मानते हैं कि आपने पूरी कोशिश की लेकिन जीत नहीं पाए।

### धोनी ने अपने पसंदीदा गेंदबाज का खुलासा किया, फेवरेट बल्लेबाज चुनने से किया इनकार

**हैदराबाद ।** महान बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि जसप्रीत बुमराह उनके पसंदीदा गेंदबाज हैं लेकिन उन्होंने पसंदीदा बल्लेबाज के बारे में पूछने पर विराट कोहली और रोहित शर्मा में से एक को चुनने से इनकार किया। यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान धोनी ने कहा, मेरा पसंदीदा गेंदबाज चुनना आसान है क्योंकि वह बुमराह हैं। बल्लेबाज चुनना कठिन है क्योंकि इतने सारे अच्छे बल्लेबाज हैं। इसके मायने यह नहीं है कि हमारे गेंदबाज अच्छे नहीं है। उन्होंने कहा, बल्लेबाजों में से एक को चुनना कठिन है। मैं किसी एक को नहीं चुनना चाहता। उम्मीद है कि वे सभी रन बनाते रहेंगे। आइपीएल में अपने भविष्य के बारे में उन्होंने कुछ बताने से इनकार किया। उन्होंने कहा, अभी इसमें समय है। देखते हैं कि खिलाड़ियों को बरकरार रखने पर क्या फैसला लेते हैं। अभी गेंद हमारे पाले में नहीं है।

## जेंडर टेस्ट फेल महिला मुक्केबाज मुकाबला जीती, विवाद शुरू

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में गुरुवार को मुक्केबाजी स्पर्धा में एक जैविक पुरुष इमान खलीफ को एक महिला खिलाड़ी के साथ मुकाबले की अनुमति देने का मामला सामने आया। ओलंपिक में एक जैविक पुरुष इमान खलीफ को पेरिस में एक महिला के रूप में लड़ने की अनुमति दी गई। मुकाबले में इमान ने कथित तौर पर इटली की महिला मुक्केबाज एंजेला कैरिनी की नाक तोड़ दी। कैरिनी ने खलीफ से 2 जोरदार मुक्के खाने के बाद 46 सेकंड के भीतर मुकाबला छोड़ दिया। उसने कहा यह ओलंपिक मुक्केबाजी में यह असामान्य है। कैरिनी ने अपना हेलमेट फर्श पर फेंक दिया और चिल्लाई- यह अन्याय है।

## स्पीड न्यूज

### मछली पकड़ने के दौरान वृद्ध की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के पनघटवा डैम में मछली पकड़ने के दौरान ग्राम पनघटवा निवासी स्व. रामेश्वर राम के 70 वर्षीय पुत्र सीताराम की की मौत उनके द्वारा मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में खुद फंसने के कारण पानी में डूबने से हो गई। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार सीताराम घर से सुबह 6 बजे निकला था, जब काफी देर तक घर वापस नहीं आया तब उसके घर वाले खोजबीन करने लगे। उसी क्रम में पनघटावा डैम के समीप मृतक का कपड़ा देख कर लोगों को पता चला की इधर ही कहीं आया है। खोजने के लिए नाव को लेकर आए थोड़ी देर बाद शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक घर से डैम में मछली मारने गया था। जहां काफी देर तक वापस घर नहीं लौटा। मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया गया है।

### मधेपुरा में युवक ने की आत्महत्या

**मधेपुरा।** बिहार में मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि बिड़ी गमैल गांव निवासी संजीव सिंह के आम के बगीचा में एक युकव ने पेड़ की डाली से लटककर गला में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पूर्णिया जिले के बड़हरा कोठी थाना क्षेत्र निवासी विकास कुमार (35) के रूप में की गयी है।

### भोजपुरी फिल्म जया का पटना में हुआ प्रीमियर

**पटना।** भोजपुरी फिल्म जया का प्रीमियर आज राजधानी पटना के सिने पोलिस में किया गया। फिल्म जया के प्रीमियर के अवसर पर फिल्म के निमार्ता रत्नाकर कुमार, निर्देशक धीरू यादव, लेखक धर्मेंद्र सिंह और कलाकार दयाशंकर पाण्डेय एवं माही श्रीवास्तव मौजूद रही ।वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार हैं।

### बिजली का करंट लगने से मां-बेटी की मौत

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के विदुपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार को बिजली का करंट लगने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रमदौली गांव निवासी सीमा देवी (30) अपनी बेटी सिमरन (08) के साथ बकरी चरा रही थी। इस दौरान रास्ते में पहले से टूटकर गिरे बिजली के तार के संपर्क में आ जाने से दोनों को करंट लग गया। इस घटना में मां-बेटी की मौत हो गयी।

### एसएसबी ने 884 बोतल शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**सुपौल।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाली शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसबी के 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने आज यहां बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी/निगरानी के उद्देश्य से एस एस बी 45वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल की सभी सीमा चौकियों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में बिहार पुलिस के साथ गश्ती की जाती है एवं समय समय पर नाका भी लगाया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार तड़के सीमा चौकी सिमरीघाट के समीप सहायक उप-निरीक्षक नवाकान्त दत्ता के साथ अन्य तीन कर्मी कार्मिक एवं बिहार पुलिस के चार जवानों का संयुक्त नाका दल अपने तय समयानुसार सीमा स्तम्भ संख्या 221 के निकट स्पर संख्या 2250 की ओर निर्धारित स्थान पर सतर्कता के साथ नाका पर तैनात हो गए ।

### लूट की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रिविलगंज थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान दो अपराधियों को लूट की 2 मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।
सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना क्षेत्र के टेकनिवास से उमधा जाने वाली फोरलेन पर गश्ती के दौरान दो संदिग्धों को मोटरसाइकिल के साथ देखने के बाद उनसे कागजात की मांग की गई। जिसे दिखाने में वे आनाकानी कर भागने की फिराक में थे।

# भाजपाईयों ने की विधानसभा में भाजपा नेताओं के साथ दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने किसान मोर्चा जिला मोर्चा अध्यक्ष रामलला दुबे की अध्यक्षता में बैठक कर विधानसभा में भाजपा नेताओं के साथ दुर्व्यवहार को लेकर कड़ी निंदा की। रामलला दुबे ने कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री के इषारे पर स्पीकर द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर पूरे झारखंड को शर्मसार किया है। विधानसभा में झारखंड सरकार के चुनावी वादा के अनुसार पांच लाख नौकरी, मनरेगा कर्मी, अनुबंध कर्मी को स्थायीकरण, पारा शिक्षक, आंगनबाडी सहिया, पंचायत सेवक आदि को स्थाई करने का सरकार द्वारा एक भी वादा साढ़े चार साल बीत जाने पर भी पूरा नहीं किया गया। उल्टे नियमानुसार आंदोलन कर रहे अनुबंध कर्मी, सहायक पुलिस, पारा शिक्षक, आंगनबाडी सहिया, पंचायत सेवक पर डंडे बरसाए गए, गोली चलाकर भय दोहन किया गया। विधानसभा सत्र में भाजपा विधायकों ने जनता के सवालों का जवाब सरकार से मांग करने पर मुख्यमंत्री को सदन छोड़कर भागना मुख्यमंत्री के इशारे पर अपनी मांगों पर अड़े जनप्रतिनिधि भाजपा विधायक का बिजली पानी शौचालय बंद करना और निर्ममता से मार्शल को आदेश देकर जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों को घसीट कर बाहर निकलना, लोकतंत्र को शर्मशार करता है।


बैठक करते भाजपाई।

उन्होंने कहा कि निरंकुश सरकार के ऐसे कुकृत से समस्त झारखंड शर्मसार हुआ है। यह झारखंड के इतिहास के काले अक्षरो में लिखा जायेगा। इस निरंकुश सरकार को जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा किसान मोर्चा गढ़वा जिला घोर निन्दा करती है। झारखंड सरकार सम्मानित जनप्रतिनिधि की आवाज को दबाने और संवैधानिक आंदोलन को कुचलने का प्रयास करेगी तो भाजपा कार्यकर्ता सड़क से सदन आंदोलन शुरू करेंगे।

# युवा समाजसेवी सह बीएसपी नेता कांवरियों के जत्थे को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोरबे से विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह बीएसपी नेता ने दो दर्जन से अधिक कांवरियों के जत्थे को बाबा धाम देवघर के लिए रवाना किया। इस दौरान समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने सभी कांवरियों को बारी बारी से अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाया और बैंड बाजे के साथ रवाना किया। इससे पहले कांवरिया मदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, रोहित प्रजापति, संतोष मुरारी, विंध्याचल विश्वकर्मा, विजय साह, डब्लू बैठा, लक्ष्मण बैठा, अजय साह, अशोक साह, मनोज प्रसाद, पिंटू कुमार, सचिन, टहलू सहित सभी कांवरियों ने हनुमान मंदिर में माथा टेका और घर, गांव, क्षेत्र में अमन-चैन की दुआ मांगते हुए बाबा धाम के प्रस्थान किया।


कांवरियों के साथ अभिमन्यु सिंह।

### समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने कहा

मौके पर बिश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि आप सभी बम हंसी खुशी से बाबा नगरी पहुंचे और भोले बाबा से आशीर्वाद प्राप्त कीजिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा के दरबार में माथा टेक घर, गांव सहित विधानसभा क्षेत्र अमन चैन और विकसित हो जिसके लिए दुआ मांगिए। उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है की हमारे गांव से एक साथ एकजुटता का परिचय देते हुए इतनी संख्या में बाबा धाम के लिए जा रहे हैं। इस दौरान मौके पर उपेंद्र सिंह सहित गांव के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# सहायक शिक्षक शेख तौहीद हरता में प्रतिनियोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पदस्थापित सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा शिक्षक के साथ धक्का मुक्की किए जाने संबंधी खबर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होने के बाद गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को शिक्षा अधीक्षक ने सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को तत्काल प्रभाव से गढ़वा जिलांतर्गत भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता में प्रतिनियोजित कर दिया। डीएसई के ज्ञापांक 605 दिनांक 1 अगस्त 2024 में उल्लेख किया गया है कि थाना प्रभारी भवनाथपुर के थाना ज्ञापांक 1808/2024 दिनांक 31 जुलाई 2024 के द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से सूचित किया गया कि उत्क्र. मवि धंगरडीहा के सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा अध्यापन कार्य छोड़कर धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। जो सरकारी आचार नियमावली के प्रतिकूल है। उपरोक्त पत्र के आलोक में गढ़वा उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को भवनाथपुर से उत्क्र. मवि हरता 2 भंडरिया में अगले आदेश तक प्रतिनियोजित किया जाता है। साथ ही बीईईओ को निर्देशित गया कि पत्र प्राप्ति के साथ ही संबंधित शिक्षक को प्रतिनियोजित विद्यालय में योगदान हेतु तत्काल विरमित करने एवं उक्त शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने हेतु जांच प्रतिवेदन तत्काल समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।


जांच करने पहुंचे पदाधिकारी।

### बीडीओ व बीपीओ ने की मामले की जांच

बीडीओ नंदजी राम एवं बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता ने गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान पदाधिकारियों ने विद्यालय के अन्य शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं से सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद के विद्यालय में क्रियाकलापों की जानकारी ली। जिस पर शिक्षक, छात्र छात्राओं तथा प्रबंध समिति के सदस्यों ने उन्हें बताया कि सहायक शिक्षक शेख तौहीद बीते बुधवार को प्रार्थना के बाद बच्चो को सरस्वती वंदना बजाने से रोकते हुए साउंड सिस्टम को पटक कर तोड़ दिया। अन्य शिक्षकों द्वारा उन्हें ऐसा करने से मना करने पर हाथापाई भी करने लगे साथ ही वें विद्यालय में सरस्वती पूजा का विरोध करते है। इस मामले में बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि संबंधित मामले की जांच की गई है, उन्होंने जांच प्रतिवेदन उच्चाधिकारियों को सौंपने की बात कही।

### परीक्षा संबंधी तैयारी की समीक्षात्मक बैठक आहूत

**किशनगंज।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा निर्धारित आगामी 'सिपाही' लिखित परीक्षा संबंधी तैयारी की समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी ने गुरुवार को की।

# संसद में उठी रक्सौल-काठमांडु रेल लाइन बनाने की मांग



**पूर्वी चंपारण।** संसद में गुरूवार को रक्सौल से काठमांडू के बीच रेल लाइन बनाने की मांग उठी। पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने रेल बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव से यह मांग करते हुए कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी को बाबा पशुपतिनाथ की नगरी से जोड़ने की जरूरत है। उन्होने सरकार से मांग करते हुए कहा कि रक्सौल से काठमांडू के बीच नयी रेल लाइन के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू किया जाये। इस दौरान उन्होंने रक्सौल से दिल्ली के बीच सत्याग्रह के अलावे एक नयी सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की भी मांग की। उन्होंने संसद में कहा कि फिलवक्त रक्सौल से दिल्ली के बीच जो सत्याग्रह एक्सप्रेस चल रही है उसे महज 1 हजार किलोमीटर की दूरी तय करने में 28 घंटे का वक्त लगती है, ऐसे में रक्सौल से क्लोन स्पेशल टाइप ट्रेन चलाने की जरूरत है, जिससे कम समय में लोग दिल्ली पहुंच सके। इससे न केवल भारत बल्कि नेपाल के लोगों को भी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, सांसद डॉ. जायसवाल के द्वारा रक्सौल को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की मांग की गयी है।

# तेज बारिश में मिट्टी का घर ध्वस्त प्रखंड प्रमुख ने दिया आर्थिकसहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के पतरिया पंचायत अंतर्गत शिवरी गांव निवासी लक्ष्मण पाल का मिट्टी का कच्चा घर बुधवार को तेज बारिश में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस घटना में पीड़ित की पत्नी रवन्ति देवी मिट्टी के नीचे दब गयी। गांव वालों ने किसी तरह मिट्टी के अंदर से उसे निकालकर इलाज के लिए गढ़वा भेजा। इस घटना में रवन्ति का एक पैर टूट गया व कुल्हे में भी गंभीर चोट लगी है। लक्ष्मण पाल उक्त घर में अपने छह सदस्यों के साथ रहते हैं। घर ध्वस्त हो जाने से पूरा परिवार अब बेघर हो गया। उक्त परिवार अपने पड़ोसी उदय पासवान के घर में शरण लिए हुए है। इस बरसात में उसी ध्वस्त घर के बाहर ईंट रखकर खाना बना रहे हैं। इस परिवार को अभी तक सरकार की ओर से किसी भी तरह का आवास का लाभ नहीं मिला है। अबुआ आवास योजना में भी उक्त परिवार का नाम नहीं है। प्रखण्ड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पाण्डेय ने पीड़ित परिवार के घर जाकर आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए 50 किलोग्राम चावल भी उपलब्ध कराया। साथ ही उपायुक्त को लिखित सूचना देकर पीड़ित परिवार को आवास उपलब्ध कराने की बात कही है। मौके पर पूर्व बीडीसी प्रमोद राम सहित कई लोग उपस्थित थे।


पीड़ित परिवार से मिलते प्रखंड प्रमुख।

## पेज एक का शेष

### भाजपा के 18 विधायक...

**नेता प्रतिपक्ष को नहीं किया गया निलंबित :** विपक्ष के रवैये से खफा स्पीकर भी अपने चेयर से उठ खड़े हुये और चेतावनी दी। इस दौरान सभी मार्शल स्पीकर की टेबल के पास खड़े हो गये। स्पीकर ने संविधान और कार्य संचालन के नियमों का हवाला देते हुये धरना में बैठे विधायकों को सभा की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। धरना में शामिल सिर्फ नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और आजसू विधायक लंबोदर महतो को निलंबित नहीं किया गया। उन्होंने कार्य संचालन नियमावली 299, 300 एवं 310 के तहत सभी 18 विधायकों को निलंबित कर दिया।

**निलंबित विधायकों के नाम :** अनन्त कुमार ओझा,रणधीर कुमार सिंह,नारायण दास,अमित कुमार मंडल, डॉ नीरा यादव, किशुन कुमार दास, केदार हाजरा, बिरंची नारायण,अर्पणा सेनगुप्ता, राज सिन्हा, कोचे मुण्डा, भानु प्रताप शाही, समरी लाल, सीपी सिंह,नवीन जयसवाल, डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, आलोक कुमार चौरसिया और पुष्पा देवी शामिल हैं।

**हम बापू के अहिंसा के मार्ग पर चले :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा, हम सरकार से लोगों से जुड़े मुद्दों पर प्रश्नों का जवाब देने का अनुरोध करते हैं। जो भी हुआ, वह विपक्षी विधायकों की आवाज को दबाने की कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन सरकार ने विधानसभा के इतिहास में काला अध्याय जोड़ा है। यह आपातकाल के बाद लोकतंत्र में काला दिन है। उन्होंने कहा, हमने ब्रिटिश संसद की तरह सदन में बम नहीं फेंका...हम बापू के अहिंसा के मार्ग पर चले। वहीं आजसू के प्रमुख सुदेश महतो ने अध्यक्ष से 18 विधायकों को निलंबित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

### कांवारिया वाहन पोल...

डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा हनेश यादव एवं चरकू यादव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।

**हादसे के विरोध में सड़क जाम :** इस हृदय विदारक हादसे से उत्तेजित ग्रामीणों ने मकईटांड़ के समीप एनएच-22 को जाम कर दिया। इससे रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वे बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। मृतक के आश्रितों को 10 लाख मुआवजा व एक सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर बालूमाथ चंदवा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। अधिकारियों आश्वासन के बाद सड़क से जाम को हटाया गया।

**कैसे हुआ हादसा :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाबाधाम से लौटने क्रम में सवारी गाड़ी के चालक को झपकी आ गयी। गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयी। टक्कर के बाद बिजली का खंभा टूट गया और 11 हजार वोल्ट तार वाहन पर गिर गया। इससे पूरे वाहन में करंट दौड़ गया। इसी में ये दर्दनाक हादसा हुआ।

### झारखंड में आदिवासी ...

उन्होंने कहा, घुसपैठ और संथाल में डेमोग्राफिक चेंज पर कहा स्थिति देखकर मुझे काफी दुख हो रहा है।

**निशिकांत की मांग को नकारा :** निशिकांत ने लोकसभा में हाल ही में मांग की थी कि पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के कुछ जिलों को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाय। इस पर श्री सरमा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश बनाने से डेमोग्राफी चेंज का हल नहीं निकलेगा। हमें पहले बांग्लादेशी घुसपैठिये को बाहर भगाना है। झारखंड की डेमोग्राफी चेंज करने से बचाना है, क्योंकि बंगलादेशी घुसपैठियों द्वारा साजिश के तहत आदिवासियों के अस्मिता पर हमला हो रहा है। सीएम ने कहा कि आज 65 बनाम 35 की स्थिति झारखंड में उत्पन्न हो गयी है। उन्होंने कहा कि समय रहते यदि बंगलादेशी घुसपैठ के मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में इसके परिणाम गंभीर होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों के सम्मान, संस्कृति और भूमि का मुद्दा है न कि केंद्र शासित राज्य बनाने का। असम के सीएम ने कहा कि हेमंत सोरेन को बिरसा मुंडा की लड़ाई से सीख लेनी चाहिए। बंगलादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी में बदलाव का मुद्दा चुनावी नही है बल्कि ये गंभीर मामला है जिसपर कार्यवाई करने की जरुरत है। ॰ उनका कहना था कि संथाल में तेजी से बांग्लादेशी घुसपैठिए बसते जा रहे हैं और आदिवासियों को मारकर भगा रहे हैं, ऐसे में केंद्र शासित प्रदेश बनाकर और एनआरसी लागू कर इसे बचाया जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

दरअसल कई राज्यों में एससी और एसटी वर्गों में विशेष जातियों के लिए कोटे के अंदर कोटा देने की व्यवस्था है। छह जजों ने उप-वर्गीकरण को बरकरार रखा, जबकि जस्टिस बेला त्रिवेदी ने इसे फैसले से असहमति जतायी। उन्होंने कहा कि राज्यों की सकारात्मक कार्यवाही संविधान के दायरे के भीतर होनी चाहिए। पीठ 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें से मुख्य याचिका पंजाब सरकार ने दायर की है जिसमें पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के 2010 के फैसले को चुनौती दी गयी है। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहले पांच जजों की एक बेंच और फिर सात जजों की बेंच तक पहुंचा। यह बेंच 2020 से इस मामले में सुनवाई कर रही थी।

### एससी-एसटी के ...

चौथे जज जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि वह जस्टिस गवई के इस विचार से सहमत हैं कि एससी/एसटी के लिए क्रीमी लेयर की पहचान का मुद्दा राज्य के लिए एक संवैधानिक अनिवार्यता बन जाना चाहिए। बता दें कि मौजूदा समय में 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा केवल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर लागू है। नियमानुसार जिन लोगों के परिवार की कुल वार्षिक आय 8 लाख के ऊपर है वो क्रीमीलेयर के दायरे में आते हैं और उन्हें ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है।

# जायन्ट्स सहेली ने किया फलदार पौधे का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में शहर के मेन रोड में सैंकड़ों ग्रामीणों के बीच फलदार पौधे का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सभी व्यक्ति को अपने माता-पिता के नाम से कुछ पौधे लगाने चाहिए, ताकि जब पौधा बड़ा हो तो यह वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को सोख कर प्राण वायु ऑक्सीजन प्रदान करें। इससे पर्यावरण में सुधार होगा साथ ही ज्यादा पेड़ पौधे वाले क्षेत्र में बारिश भी अच्छी होगी। पौधे फलदार हो तो दो तीन साल के बाद फलने लगते हैं जो स्वास्थ्य के साथ आर्थिक लाभ के श्रोत बनते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा सहेली की निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल ने की। मौके पर जायन्ट्स गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष सह पूर्व यूनिट डायरेक्टर रश्मि कमलापुरी, फेडरेशन 8 के पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सीमा केषरी, सहेली की पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, माला केशरी, रीना केशरी, करुणा केशरी आदि उपस्थित थी।



वितरण करती सहेली सदस्य।

# जमीनी विवादों के मामलों का करें निपटारा : एसपी



**किशनगंज।** जमीनी विवाद के मामलों के निपटारे को लेकर किशनगंज पुलिस गंभीर हो गई है। आये दिन जनता दरबार मे भी जमीनी विवाद के मामले सामने आते रहते हैं। इसे लेकर जिलाधिकारी तुषार सिंगला की मौजूदगी में एसपी सागर कुमार ने सभी थानाध्यक्ष के साथ पिछले दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक भी की थी, जिसमें बारी बारी से थानावार जमीन सम्बंधित विवादों की जानकारी ली गई। थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए ऐसे मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया गया। जमीन सम्बंधित मामलों की थानावार समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शनिवार को थाना में सीओ की मौजूदगी में जो जनता दरबार लगाया जाता है उसमें ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारा करें। ऐसा प्रयास करें की मामले का निपटारा सुलह से भी हो जाए।

# 2025 में बनेगी जन सुराज की सरकार : पीके

एजेंसी

**पटना।** जन सुराज परिवार का कुनबा रोज तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसके संस्थापक प्रशांत किशोर ने गुरुवार को यहां कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को धूल चटाकर जन सुराज अपने बूते सरकार बनाएगी। 2025 में बिहार में जन सुराज की सरकार होगी। प्रशांत किशोर ने यह दावा किया है कि अगली बार बिहार विधानसभा जन सुराजियों से भरा होगा। बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम चुनाव लड़ाएंगे तो हारने नहीं देंगे। जन सुराज अकेले सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा और बिहार में अपनी सरकार बनाएगा।



प्रशांत किशोर ने कहा कि पार्टी का नेता कौन होगा, यह भी लोग तय करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुराज प्रशांत किशोर या किसी जाति या किसी परिवार या व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार के लोगों का दल होगा, जो इसे मिलकर बनाएंगें। उन्होनें कहा कि जन सुराज रोजगार की गारंटी देगा और इसमें कहीं कोई शक मत रखिए, एक साल से ज्यादा नहीं लगेगा। उन्होंने बिहार की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जन सुराज पर भरोसा रखिए और अपना साथ दीजिए।

# डॉ जायसवाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी

**अररिया।** बिहार सरकार के मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के उपरांत पहली बार गृह जिला पहुँचने पर किशनगंज ही नहीं बल्कि अररिया और सीमांचल के कार्यकर्ता उत्साहित हैं।इसी कड़ी में भाजयुमो नेता व विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश राज के अगुवाई में जिला युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किशनगंज पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल से मिलकर अभिनंदन किया और स्वर्णिम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने जारी प्रेस बयान में कहा कि सीमांचल से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने वाले डॉ दिलीप जायसवाल पहले नेता है।उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि कार्यकताओं में लोकप्रिय डॉ जायसवाल को अध्यक्ष बनाकर आम कार्यकताओं को सम्मान दिया गया है। यह गर्व का विषय है कि पार्टी ने एक सक्षम नेता को प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी दी है इनके मनोनयन से कोसी सीमांचल सहित संपूर्ण बिहार के कार्यकताओं में ना सिर्फ ऊर्जा का संचार हुआ है,बल्कि गौरवांवित महसूस कर रहा है।



स्पीड न्यूज

# शिमला व उत्तराखंड में बारिश से 14 की मौत

## बादल फटने से हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के सात कर्मी सहित 36 लापता



एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के झाकड़ी इलाके में समेज और कंदराहड़ में गुरुवार तड़के बादल फटने के बाद आए सैलाब ने इलाके में तबाही मचा दी। सैलाब में कई परिवार व हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के सात कर्मचारी सहित 36 लोग लापता हैं। प्रशासन ने व्यापक स्तर पर राहत व बचाव कार्य चला रहा है। राहत व बचाव दलों ने अब तक दो शव बरामद किए हैं। सैलाब से समेज सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला और वे घरों सहित बह गए। झकझोर कर रख देने वाले इस कुदरती आपदा में अपने मासूम बच्चों सहित कई माताएं बह गईं। बादल फटने की घटना का असर रामपुर में झारखंड के चार लोग रामपुर के कंदराहड़ के खुश्वा क्षेत्र के आठ लोग भी लापता हैं। समेज में मजदूरी करने वाली झारखंड निवासी ममता पत्नी राज कुमार और उनकी मासूम बेटी मुस्कान, रूपनी देवी पत्नी भोला नाथ और उनकी बेटी अंजलि हादसे के बाद लापता हैं। रामपुर के कुशवा बाइफ्रिकेशन के पास कंदराहड़ में सैलाब के बाद आठ लोगों का कोई पता नहीं चल पाया है। समेज गांव में आये सैलाब में 14 लोग लापता हैं। ये सभी सैलाब में बह गए।

### वायनाड में मृतकों संख्या हुयी 277

**वायनाड।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 277 हो गयी है, जिसमें 23 बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 240 लोग अब भी लापता हैं और 213 का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मलबे से जीवित बचे लोगों को निकालने के लिए सेना, एनडीआरएफ, नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के नेतृत्व में मुंडक्कई, अट्टमाला और चूरलमाला में तलाशी अभियान चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि 19 गर्भवती महिलाओं सहित कम से कम 8,304 लोगों को वायनाड जिले के मेप्पडी और आसपास के इलाकों में स्थापित 82 राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है, जबकि 143 शवों को विभिन्न अस्पतालों में रखा गया है।

## केदारनाथ धाम यात्रा पर रोक

**देहरादुन।** उत्तराखंड में भारी बारिश से 12 लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हुए हैं। सरकारी तंत्र राहत-बचाव कार्य में जुटा हुआ है। कहीं पहाड़ टूट पड़ रहे हैं तो कहीं बादल फटने से मकान ढह जा रहे हैं ।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के ड्यूटी आफिसर व अनु सचिव जेपी बेरी की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को हरिद्वार जनपद के रुड़की तहसील अंतर्गत डेरा बस्ती में भारी बारिश से एक मकान ढह गया और उसमें दबकर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। वहीं रुड़की बस स्टेशन पर करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। उधर, टिहरी जनपद के घनसाली तहसील अंतर्गत नौताड़ गदेरा जखनियाली में बादल फटने से एक होटल बह गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। चमोली जनपद के गैरसैण तहसील अंतर्गत रोयडा कुलखेत (बेलचौरी) गांव में मलबा आने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें दबकर एक महिला की मौत हो गई। देहरादून के आर्डिनेंस फैक्टरी के निकट नाले में बहने से दो लोगों की मौत हो गई। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रोक लगा दी गई है। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर कुल लगभग 700 लोग फंसे हैं। वहीं केदारनाथ में 1000-1500 के लगभग लोगों के फंसे होने की संभावना है। इसमें से 1525 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव ने बताया कि सरकार की मांग पर केंद्र से वायुसेना के चिनूक व एमआई-17 हेलीकॉप्टर उत्तराखंड आ गए हैं।

### ‘सिटाडेल हनी’ बनी, 7 नवंबर को होगी रिलीज



**मुंबई ।** जासूसी एक्शन स्ट्रीमिंग शो सिटाडेल हनी बनी 7 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज होगा। शो की रिलीज की तारीख का खुलासा गुरुवार को मुंबई के बांद्रा पश्चिम इलाके में महबूब स्टूडियो में एक कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और शो में उनकी सह-कलाकार सामंथा रुथ प्रभु भी शामिल हुईं। वरुण ने बताया कि शो के निमार्ताओं ने उन्हें सख्त निर्देश दिए थे कि यह शो उनका एकमात्र फोकस है और वह कोई अन्य प्रोजेक्ट या फिल्म भी नहीं कर सकते। सिटाडेल हनी बनी वैश्विक श्रृंखला सिटाडेल का भारतीय संस्करण है। मूल शो में प्रियंका चोपड़ा जोनास और रिचर्ड मैडेन मुख्य भूमिका में थे।

### पूर्व बीजद नेता मोहंता भाजपा में शामिल



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाली बीजद की पूर्व नेता ममता मोहंता गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गईं। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने ममता मोहंता को पार्टी की सदस्यता दिलाई। अरुण सिंह ने कहा कि ओडिशा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जो चुनाव लड़ा गया और भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। अब ओडिशा तेजी से विकास कर रहा है।

### मेरठ में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

**मेरठ।** मेरठ में गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ तीर्थयात्रियों पर फूल बरसाए। अपना स्वागत पुष्पवर्षा से होता देखकर कांवड़िये भी प्रफुल्लित हो गए। दोनों अधिकारियों ने शिवभक्तों पर मेरठ कैंट स्थित औघड़नाथ मंदिर, नेशनल हाइवे-58, पल्लवपुरम और सिवाया टोल प्लाजा पर पुष्प वर्षा की। खुद पर पुष्प वर्षा होते देखकर कांवड़िये गदगद हो उठे।

### पुंछ में हिजबुल का सहयोगी गिरफ्तार

**पुंछ।** सेना की रोमियो फोर्स से जुड़ी राष्ट्रीय राइफल इकाई ने पुंछ पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ एक संयुक्त अभियान में जम्मू-कश्मीर के पुंछ के मगनार इलाके से हिजबुल मुजाहिदीन के सक्रिय सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सेना के एक बयान के अनुसार मोहम्मद खलील के रूप में पहचाने गए इस व्यक्ति को 30 जुलाई को रोमियो फोर्स की राष्ट्रीय राइफल ने हिरासत में लिया था। सहयोगी के पास से एक विदेशी पिस्तौल बरामद की गई।

### राजौरी जिले में हथियार बरामद

**राजौरी।** सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कालाकोट के एक सुदूर गांव में तलाशी अभियान के दौरान हथियार बरामद किए। सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अपने विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ मिलकर धर्मसाल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गुलाबगढ़, बाजी माल गांवों के इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने से कुछ हथियार बरामद किए गए हैं।

# संपूर्ण रेल नेटवर्क पर लगेंगे कवच

## हम सिर्फ रील बनाने वाले नहीं, मेहनत करने वाले हैं : वैष्णव

- **50 और अमृत ट्रेन बनेगी, कम दूरी वाले दो शहरों के बीच वंदे मेट्रो चलेंगी**
- **कांग्रेस के कार्यकाल में एक भी किलोमीटर पर एटीपी प्रणाली नहीं लगी : रेल मंत्री**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बढ़ते रेल हादसों व सुरक्षा को लेकर विपक्ष द्वारा घेरे जाने के बाद रेल मंत्री ने जवाब दिया। विपक्षी दलों पर झूठ की दुकान चलाने का आरोप लगाते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि रेलवे में सुरक्षा की कवच प्रणाली के आधुनिक संस्करण को देश के प्रत्येक किलोमीटर रेल नेटवर्क पर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

रेल मंत्री ने कहा कि हम सिर्फ रील बनाने वाले लोग नहीं हैं। हम मेहनत करने वाले लोग हैं। हम आपकी तरह रील बनाकर दिखाने वाले लोग नहीं हैं। दरअसल, रेल मंत्री लोकसभा में लोको पायलट के संबंध में बोल रहे थे। इसी दौरान विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। विपक्ष के सांसदों के हंगामा करने पर रेल मंत्री भी गुस्सा हुए।

रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में पिछले दो दिन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने बताया कि रेलगाड़ियों में सामान्य डिब्बों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए करीब ढाई हजार सामान्य कोच के उत्पादन का विचार सरकार ने किया है, 50 और अमृत ट्रेन के निर्माण का फैसला लिया गया है तथा कम दूरी वाले दो शहरों के बीच वंदे मेट्रो चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ट्रेनों की सुरक्षा के लिए स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली दुनिया के अधिकतर देशों में 1970 और 1980 के दशक में लगाई गई थी, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस के 58 साल के कार्यकाल में और 2014 से पहले तक भारत के एक भी किलोमीटर रेलवे नेटवर्क पर यह प्रणाली नहीं लग पाई। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि कांग्रेस के समय रेलवे में कई प्रयोग किए गए, लेकिन जिस संवेदना के साथ या जिस भावना से काम होना चाहिए, नही किया गया। बंगाल के कुछ सदस्यों द्वारा ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहने के दौरान लागू टक्कर रोधी उपकरण प्रणाली का उल्लेख किए जाने पर वैष्णव ने कहा कि 2006 में देश के करीब 1500 किलोमीटर रेल मार्ग पर यह प्रणाली लगाई गई। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से इसका कोई सुरक्षा प्रमाणपत्र नहीं था और 2012 में इसे हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद कवच प्रणाली के बारे में विचार किया गया और 2016 में इसे लागू करने का निर्णय ले लिया गया। वैष्णव ने कहा कि 2019 में कवच के लिए सबसे उच्चतम स्तर के प्रमाणपत्र को प्राप्त कर लिया गया जिसे प्राप्त करने की एक कठिन प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कोविड के बावजूद 2020 और 2021 में इसके आगे के परीक्षण हुए और 2022 में 3000 किलोमीटर रेल नेटवर्क की परियोजना में कवच का क्रियान्वयन किया गया और इस दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए 17 जुलाई 2024 को कवच का संस्करण 4.0 स्वीकृत किया गया है। वैष्णव ने कहा कि हमारे पास इस तकनीक के तीन विनिमार्ता हैं, दो नए विनिर्माता जुड़ने वाले हैं, 8000 से अधिक इंजीनियर और कर्मियों को इसका प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि इतने परिश्रम के बाद 9000 किलोमीटर रेलमार्ग के लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है।

### ढाई हजार सामान्य कोच का होगा निर्माण

वैष्णव ने कहा कि देश में सामान्य डिब्बों की मांग बढ़ रही है और उसे ध्यान में रखते हुए करीब ढाई हजार सामान्य कोच के उत्पादन की योजना है। उन्होंने कहा कि अब देश में सामान्य डिब्बों की कमी नहीं रहेगी। रेल मंत्री ने अमृत भारत ट्रेन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐसी ट्रेन की कल्पना की जिसमें विश्वस्तरीय सुविधा हों, लेकिन किराया कम से कम हो। उन्होंने कहा कि जनवरी में दो नई अमृत भारत ट्रेन का उद्घाटन अयोध्या स्टेशन से किया गया जो माल्दा से बेंगलुरु और दरभंगा से दिल्ली के बीच संचालित हो रही हैं।

## खामेनेई ने इजरायल पर सीधे हमला करने का दिया आदेश



एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के प्रतिशोध में इजरायल पर सीधे हमला करने का आदेश दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी गई है। खामेनेई ने बुधवार को ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक इमरजेंसी मीटिंग में यह आदेश दिया। खामेनेई ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक संदेश में कहा कि इजरायल ने अपने लिए कठोर सजा के लिए जमीन तैयार कर ली है।

बुधवार को इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने इजरायल पर तेहरान में एक आतंकवादी हमले में इस्माइल हानिया और उसके बॉडी गार्ड की हत्या करने का आरोप लगाया। इसने हानिया और उसके बॉडी गार्ड की शहादत पर संवेदना व्यक्त की।

### जवाब देने के लिए इजरायली सेना भी तैयार : आइडीएफ

**तेलअवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि वो इजरायल पर किसी भी ईरानी हमले के लिए तैयार है। तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद ईरान ने बदला लेने की धमकी दी है। इजरायल के रक्षा मंत्री के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा इजरायल पर जवाबी कार्रवाई को लेकर दिए गए बयान के बाद, आईडीएफ ने किसी भी स्थिति के लिए खुद को तैयार कर लिया है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, ईरान अपने प्रॉक्सी हमास और हिजबुल्लाह और हूथी का उपयोग कर उस पर हमले तेज कर सकता है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि उसकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान अपने प्रॉक्सी से हमला करवा सकता है। सूत्रों ने कहा कि इजरायल इसके लिए तैयार है।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले वियतनाम के प्रधानमंत्री**

**नयी दिल्ली। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आये वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री चिन्ह की यात्रा भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने में सहायक होगी।**

### हमास के सबसे बड़े सैनिक कमांडर ढेर

**तेल अवीव ।** इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गुरुवार को दावा किया कि पिछले महीने उसके लड़ाकू विमानों के हमले में हमास के सैनिक कमांडर मोहम्मद देफ को मार गिराया गया। आईडीएफ ने गुरुवार को कहा कि 13 जुलाई को, आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने खान यूनिस क्षेत्र में हमला किया। हमले में हमास के सैन्य शाखा के कमांडर और संगठन के दूसरे नंबर के नेता मोहम्मद देफ की मौत हो गई। देफ ने ही पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल में जानलेवा नरसंहार की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। यह ऑपरेशन आईडीएफ और इजराइली सुरक्षा एजेंसी, शिन बेट द्वारा संयुक्त रूप से अंजाम दिया गया।

## खटाखट करने वालों को सफाचट कर देंगे : योगी

- **संविधान बदलने की बात कहकर विपक्ष ने जनता को गुमराह किया है, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती**



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा में सपा और कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि 2027 के चुनाव में खटाखट करने वालों को हम सफाचट कर देंगे। सीएम योगी ने कहा कि इन लोगों ने देश की जनता को ठगने का काम किया है। इन लोगों ने संविधान बदलने की बात कहकर जनता को गुमराह किया है। लेकिन, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। 2027 के चुनाव में खटाखट करने वालों को हम सफाचट कर देंगे। केंद्र में मोदी सरकार को 10 साल हो गए। लेकिन, आज तक संविधान नहीं बदला गया। सपा-कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को गुमराह किया है। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर देश के लोकतंत्र को कुचला था। आज सपा के लोग उन्हीं के साथ मिलकर संविधान बचाने की बात कर रहे हैं। इसका जवाब 2027 में मिलेगा। अनुपूरक बजट पर बोलते हुए योगी ने कांग्रेस और सपा पर करारा हमला बोला। योगी ने इंडी गठबंधन के खटाखट स्कीम पर बोलते हुए प्रश्न किया कि एक लाख का बॉन्ड कहां गया? उन्होंने भाजपा और एनडीए के अपने सहयोगी विधायकों से कहा कि आप सब जनता-जनार्दन के बीच जाइए और उनसे पूछिए कि एक लाख का बॉन्ड कहां गया, कौन खा गया और उसे खाने वाले लोग कौन हैं? योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के पंच तीर्थों का निर्माण कराया। इंडिया हाउस के रूप में उसे प्रधानमंत्री मोदी ने स्थापित किया। बाबा साहब अंबेडकर ने दिल्ली के जिस मकान में रहते हुए अपना सार्वजनिक जीवन व्यतीत किया था, प्रधानमंत्री ने उसे भी स्मारक बनाया।

# मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर मुस्लिम पक्ष को झटका

## ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट की अर्जियां हाईकोर्ट ने की खारिज

- **हाई कोर्ट ने स्वामित्व को लेकर दाखिल सिविल वादों को पोषणीय माना**



एजेंसी

**प्रयागराज।** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्वामित्व को लेकर दाखिल सिविल वादों को पोषणीय माना तथा मस्जिद पक्ष की अर्जियां खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की कोर्ट ने छह जून को सुरक्षित किया गया आदेश सुनाया। मंदिर पक्ष के अधिवक्ताओं ने इसे श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है। अब मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त से होगी। मंदिर पक्ष के अधिवक्ता सौरभ तिवारी का कहना है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले में मंदिर पक्ष की बड़ी जीत हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ ने शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट के सीपीसी के आदेश सात ,रूल -11 का आवेदन खारिज कर दिया है। मस्जिद पक्ष की तरफ से इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दिए जाने के संकेत दिए गए हैं। मस्जिद पक्ष की तरफ से प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, मियाद कानून और वक्फ संपत्ति होने के आधार पर यह कहा गया था कि सिविल कोर्ट को वाद सुनने का अधिकार नहीं है । मंदिर पक्ष ने इन आपत्तियों को निराधार बताया था। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 18 सिविल वादों में 15 की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने की थी। यह लगभग एक ही प्रकृति के थे। कोर्ट ने 31मई 2024 को बहस पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित कर लिया था परंतु मस्जिद पक्ष से अधिवक्ता महमूद प्राचा ने सुनवाई के अधिकार की मांग की। इसे स्वीकार कर छह जून को भी मामला सुना गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा सहित 18 पक्षकारों ने वाद दायर किया था। जिला न्यायालय मथुरा से इन वादों को मंगाकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चलाए जाने का आदेश 26 मई 2023 में हाईकोर्ट ने ही दिया था। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उक्त याचिका पर कोई स्टे नहीं दिया । इसके बाद उच्च न्यायालय इलाहाबाद में सुनवाई हुई 18 अक्टूबर को पहली सुनवाई हुई।

**14 दिसंबर को 2023 को हाईकोर्ट ने दिए थे सर्वे के आदेश** : 14 दिसंबर 2023 को उच्च न्यायालय ने विवादित सम्पत्ति के सर्वे के आदेश दिए। इसके खिलाफ फिर मस्जिद पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका की। कहा कि आदेश 7 नियम 11 वाद की पोषणीयता को लेकर प्रार्थना पत्र हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए न्यायलय को अंतरित आदेश देने का कोई भी कानून नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग का हवाला देते हुए स्टे करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगाते हुए हाई कोर्ट इलाहाबाद की कार्यवाही को जारी रखने के आदेश दिया । इसके बाद न्यायालय में 7 नियम 11 की सुनवाई की गई। कुल 32 तारीखें पड़ीं। मंदिर पक्ष का कहना है कि ईदगाह के पक्ष में कोई भी दस्तावेज विरोधी के पास नहीं है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !